गैरसैंण, सोमवार
25 मार्च 2024
वर्षः 15
अंकः 310 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार
www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## सूचना



सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों को दैनिक जयन्त की ओर से होली की हार्दिक शुभकमानायें
इस अवसर पर 25 मार्च 2024 को प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा।
दैनिक जयन्त का अगला अंक 27 मार्च 2024 को प्रकाशित होगा।
-सम्पादक

# मुख्यमंत्री आवास पर रही होली की धूम, ढोल–दमाऊ की थाप पर जमकर थिरके सीएम

**देहरादून(सं)।** देश भर में आज छोटी होली का त्यौहार मनाया जा रहा है। उत्तराखंड में भी होली के त्यौहार पर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग हर साल की तरह इस बार भी होली के लिए काफी पहले से ही तैयारी में जुट गए थे। मुख्यमंत्री आवास पर भी आज होली की धूम दिखाई दी। एक तरफ जहां होली के त्यौहार के लिए बधाई देने वालों का मुख्यमंत्री आवास में तांता लगा रहा तो वहीं मुख्यमंत्री भी अपने पूरे परिवार के साथ छोटी होली मनाते हुए दिखाई दिए। वहीं होली में सीएम धामी के साथ कई नेता और कार्यकर्ता थिरकते नजर आए।



होली के त्यौहार पर सभी लोग रंगों के साथ इस पर्व को मना रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास पर भी यह त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्यौहार पर अपनी मां का आशीर्वाद लेते हुए त्यौहार की बधाई दी। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास पर भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही तमाम नेता और आमजन भी होली मनाने के लिए पहुंचे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा उनकी पत्नी और बच्चे भी आवास पर पहुंचने वालों को बधाई देते हुए दिखाई दिए। गुलाल के रंगों के साथ हर कोई एक दूसरे को इस त्यौहार की शुभकामनाएं दे रहा था। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गीतों का आनंद लेते हुए भी नजर आए। मुख्यमंत्री कार्यालय पर तमाम विधायक और कैबिनेट मंत्री और सांसद भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को भी छोटी होली के त्यौहार पर शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ढोल और ढपली बजाकर होली के गीतों पर आनंद लिया। वहीं होली में सीएम धामी के साथ कई नेता और कार्यकर्ता थिरकते नजर आए।

## लोकसभा चुनावः बसपा ने जारी की 16 उम्मीदवारों की पहली सूची

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने लोकसभा चुनाव के लिये 16 उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी कर दी। पार्टी महासचिव मेवालाल गौतम द्वारा जारी सूची में सात सीटों पर मुस्लिम और तीन पर पिछड़ी जाति के प्रत्याशी को टिकट दिया गया है। सहारनपुर से माजिद अली, कैराना से श्रीपाल सिंह, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से बिजेन्द्र सिंह, नगीना (सु) से सुरेन्द्र पाल सिंह, मुरादाबाद से मो इरफान सैफी, रामपुर से जीशान खां, संभल से शौलत अली, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, मेरठ से देववृत्त त्यागी, बागपत से प्रवीण बंसल, गौतमबुद्ध नगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, बुलंदशहर (सु) से गिरीश चंद्र जाटव, आंवला से आबिद अली, पीलीभीत से अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू और शाहजहांपुर (सु) से दोदराम वर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है।गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को आठ सीटों पर मतदान होगा जिसके लिये नामांकन प्रक्रिया 20 मार्च को शुरु हो चुकी है। पश्चिम उत्तर प्रदेश की कैराना, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत,सहारनपुर, बिजनौर और नगीना,रामपुर और मुरादाबाद सीट में बसपा रोचक जंग में शामिल होगी। बसपा ने 2019 के आम चुनाव में सहारनपुर, बिजनौर और नगीना पर परचम फहराया था जबकि भाजपा के हिस्से में कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत और सपा के खाते में रामपुर और मुरादाबाद सीट आयी थीं।

## जेल से सरकार चला रहे सीएम अरविंद केजरीवाल, ईडी हिरासत से जारी किया पहला निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से अपनी सरकार को निर्देश दिया। उन्होंने दिल्ली में पानी और सीवरेज की समस्या का समाधान करने के लिए जल मंत्रालय को निर्देश जारी किया। अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप नेता और मंत्री आतिशी ने कहा, "इस स्थिति में भी अरविंद केजरीवाल अपने बारे में नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता और उनकी समस्याओं के बारे में सोचते हैं। दिल्ली का काम नहीं रुकेगा; यह चलता रहेगा। मैं भाजपा को बताना चाहती हूं कि वे श्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर जेल में डाल सकते हैं, लेकिन वे उनके प्यार और जिम्मेदारी को सीमित नहीं कर सकते हैं।"उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा लिखे गए एक नोट को पढ़ा जिसमें लिखा गया है कि "मैं दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में पानी और सीवरेज सहित महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में चिंतित हूं।

# कांग्रेस को फिर झटका, प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया का कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा

**हल्द्वानी(सं)।** उत्तराखंड में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के भतीजे और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। दीपक बल्यूटिया कांग्रेस के कुमाऊं मंडल से बड़े नेता के रूप में जाने जाते हैं। दीपक बल्यूटिया के इस्तीफा देने के बाद से कांग्रेस में खलबली मची हुई है। बताया जा रहा है कि टिकट न मिलने से दीपक बल्यूटिया ने इस्तीफा दिया है।



शनिवार देर रात कांग्रेस हाईकमान ने नैनीताल सीट से प्रकाश जोशी के नाम की घोषणा की। इसके बाद दीपक बल्यूटिया ने कांग्रेस हाईकमान पर नाराजगी जाहिर करते हुए इस्तीफे की पेशकश कर दी है। इस्तीफा देते हुए दीपक ने कहा कि वे पिछले 35 सालों से कांग्रेस पार्टी के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं। यहां तक की उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के पूर्व स्वर्गीय मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के परिवार से हैं और उनके संघर्ष को आज भी वह आगे बढ़ा रहे हैं। लेकिन पार्टी पिछले कई सालों से उनके साथ भेदभाव कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक वफादार सिपाही होने के नाते 35 वर्षों से लगातार जन सेवा के साथ–साथ जन मुद्दों को उठाते आए हैं। दीपक बल्यूटिया ने कहा कि उत्तराखंड के विकास पुरुष के नाम से जाने जाने वाले नारायण दत्त तिवारी के आदर्शों में चलकर उनके विकास के साथ–साथ उनकी विरासत को आगे ले जाकर समाज की सेवा करना चाहता हूं। लेकिन कांग्रेस में एक ऐसे विद्यार्थी की तरह महसूस करता हूं, जिसने बहुत मेहनत की लेकिन उसे कभी भी परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। प्रतिभा का प्रदर्शन का मौका नहीं दिया गया।

दीपक बल्यूटिया ने कहा कि उन साथियों के लिए बहुत पीड़ा है, जो मेरे साथ निस्वार्थ भाव से जुड़े हैं और मेरे साथ मिलकर संघर्ष करते आए हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा अवसर देने की बजाय हर समय अनदेखी की गई। जब कोई भी पार्टी का जमीनी कार्यकर्ता जमीन पर पार्टी के लिए काम करता हो और पार्टी के शीर्ष नेता आपके किए संघर्ष और कार्य को सम्मान करने की बजाय आपको नजरअंदाज करें तो बहुत पीड़ा होती है। पार्टी में तमाम गतिरोध और मनोबल गिराने के चलते उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दिया है। उन्होंने बताया कि इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को भेजा है।

## श्रीनगर में जैश के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, हथियारों के संग 4 आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर में पुलिस और सुरक्षाबलों ने शनिवार को श्रीनगर में जैश–ए–मोहम्मद संगठन से जुड़े चार आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार कर एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने कहा कि विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए श्रीनगर पुलिस, सेना की 50 आरआर, घाटी क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया टीम) और 29 बीएन सीआरपीएफ का एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) अधिकार क्षेत्र में केनिहामा क्षेत्र में शाम को पुलिस स्टेशन स्थापित किया गया था।एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा "चेकिंग के दौरान, संयुक्त दल द्वारा एक सफेद ऑल्टो वाहन को रोका गया। वाहन में सवार चार आतंकी सहयोगियों की जिनकी पहचान मोहम्मद यासीन भट, शेराज़ अहमद राठेर, गुलाम हसन खांडेय और फ्रेस्टाबल पंपोर के इम्तियाज अहमद भट के रूप में की गई है उन्हें पकड़ लिया गया।पुलिस ने कहा कि उनके कब्जे से तीन मैगजीन के साथ एक एके 56 राइफल, 7.62 गुणा 39 मिमी के 75 राउंड, दो मैगजीन के साथ एक ग्लॉक पिस्तौल, 9 मिमी के 26 राउंड और छह चीनी ग्रेनेड सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया। .

# बॉर्डर पर खूब उड़ा गुलाल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेह में जवानों के साथ मनाया होली का त्योहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह में सैनिकों के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल रशिम बाली भी इस मौके पर उनके साथ थे। रक्षा मंत्री ने सैनिकों को संबोधित करते हुए दुर्गम इलाकों और प्रतिकूल मौसम में मातृभूमि की रक्षा करने के लिए उनकी वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान की सराहना की। उन्होंने कहा, ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात सैनिकों की सकारात्मक प्रतिबद्धता शून्य से भी कम तापमान से भी ज्यादा मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि जैसे दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई वित्तीय राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है उसी तरह लद्दाख भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।



राजनाथ सिंह ने कहा, "पूरा देश सुरक्षित महसूस करता है क्योंकि हमारे बहादुर सैनिक सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। हम प्रगति कर रहे हैं और खुशहाल जीवन जी रहे हैं क्योंकि हमारे सतर्क सैनिक सीमाओं पर तैयार खड़े हैं। प्रत्येक नागरिक को सशस्त्र बलों पर गर्व है क्योंकि वे अपने परिवारों से बहुत दूर रहते हैं ताकि हम होली और अन्य त्योहार अपने परिवारों के साथ शांतिपूर्वक मना सकें। राष्ट्र सदैव हमारे सैनिकों का ऋणी रहेगा और उनका साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।"

रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने एक दिन पहले ही सैनिकों के साथ होली मनाने का फैसला किया, क्योंकि उनका मानना है कि त्योहारों को सबसे पहले देश के रक्षकों के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने तीनों सेनाओं के प्रमुखों से एक दिन पहले सैनिकों के साथ त्योहार मनाने की नई परंपरा शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा," कारगिल की बर्फीली चोटियों पर, राजस्थान के तपते मैदानों में और गहरे समुद्र में स्थित पनडुब्बियों में सैनिकों के साथ इस तरह का जश्न हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग बनना चाहिए।" इस अवसर पर श्री सिंह ने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में लेह के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त समाचार

### नेत्र रोगियों को मिलेगा बेहतर इलाज –डॉ. रिजवी

**श्रीनगर गढ़वाल(सं)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के नेत्र रोग विभाग में लम्बे समय बाद स्थाई प्रोफेसर के रूप में डॉ. युसूफ रिजवी ने कार्यभार ग्रहण किया है। प्रो. रिजवी इससे पूर्व देहरादून के दून अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक एवं नेत्र रोग विभाग में एचओडी,18 साल वायु सेना तथा बरेली के मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रो. युसूफ रिजवी ने बताया कि उनका पहला मकसद है कि गढ़वाल क्षेत्र के लोगों को नेत्र रोग का बेहतर इलाज बेहतर सुविधा के साथ दिलाना है।उन्होंने बताया कि बेस चिकित्सालय में ही चश्मे बनाए जाने को लेकर कार्य किया जायेगा। बेस चिकित्सालय में ग्लूकोमा स्क्रीनिंग, कॉर्निया सहित अन्य प्रत्यारोपण की सुविधाएं शुरु की जायेंगी। कहा कि आयुष्मान से अधिक से अधिक सुविधा लोगों को मिले इसके लिए कार्य किया जायेगा।

### बाजकोट गांव से पहुँचे होल्यारों ने में जमाया रंग

**श्रीनगर गढ़वाल(सं)।** पहाड़ों में होली का रंग जमकर छाया हुआ है। गढवाल की पारंपरिक खड़ी होली एक बार फिर गढ़वाल के नगरों में दिख रही है। वहीं होल्यारों द्वारा गाये जा रहे होली के पारम्परिक गीत लोगों को खड़ी होली की ओर आकर्षित कर रहे हैं। रविवार को चाकीसैंण के बाजकोट से पहुंचे होल्यारों ने नगर क्षेत्र में होली का खूब रंग जमाया। श्रीनगर में होली के पारंपरिक गीतों को गाकर होल्यारों ने होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान नगर क्षेत्र के लोग भी होल्यारों के ढोल की थाप पर झूमते हुए दिखे। होली आई रही, फागुणा का मैना जैसे होली के गीतों ने लोगों को एक बार फिर परंपरागत होली की याद दिलाई। इस मौके पर बाजकोट से पहुंचे हल्यारों में रोहित, कमल, शिव सिंह, ध्रुव, दयाल सिंह, लक्ष्मण, अरविंद, अमन ने श्रीनगर में खूब रंग जमाया।

### हुडदंग मचाने पर 5 गिरफ्तार

**पौड़ी(सं)।** बुआखाल बाईपास श्रीनगर रोड के पास हुडदंग मचाने पर पुलिस ने 5 युवकों को गिरफ्तार किया है। हुडदंगियों को परगना मजिस्ट्रेट न्यायालय पौड़ी में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली के उपनिरीक्षक हेमकांत सेमवाल ने बताया कि चेकिंग के दौरान बुआखाल बाईपास श्रीनगर रोड के पास हुडदंग मचाने पर राकेश नेगी, ऋषभ कुमार, हिमांशु नेगी, विवेक रावत, सौरभ उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक रविंद्र भंडारी, हेडकांस्टेबल जितेंद्र मालिक, कांस्टेबल सूर्य मोहन शामिल थे।

### चरस तस्करी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**ऋषिकेश(सं)** नीलकंठ क्षेत्र से पुलिस एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 165 ग्राम चरस बरामद की है। पूछताछ में आरोपी की पहचान आलोक निवासी बनखंडी, ऋषिकेश के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रवि सैनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### स्वीप टीम ने घर–घर जाकर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से किया सम्पर्क

**चमोली(सं)।** निर्वाचन विभाग की ओर से संचालित स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप कार्मिकों ने दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के घर–घर जाकर संवाद कर मतदान के लिए प्रेरित किया।

चमोली में रविवार को बुजुर्ग व दिव्यांग संवाद कार्यक्रम के दौरान कार्मिकों ने थराली विधानसभा कौब, गडसीर, वनूणी, धनपुर, मौणा, गबनी और रेई, कर्णप्रयाग विधानसभा के घंडियाल, गौचर, बौंला, मैखुरा, कर्णप्रयाग, सलियांणा, थिरपाक, नौली, सरण, केदारुखाल, खंडूरा और बदरीनाथ विधानसभा के हेलंग, जोशीमठ और ब्राह्मण थाला आदि गांव में अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्मिकों को ओर से 85 वर्ष की आयु से अधिक के स्वयं सेवक अथवा अन्य मदद की आवश्यकता वाले और दिव्यांग मतदाताओं का सक्षम अभियान के लिये पंजीकरण किया। साथ ही मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित भी किया गया। इस मौके पर प्रबोध डिमरी, राजेंद्र प्रसाद सती आदि मौजूद थे।

### बच्चों को बेहतर वातावरण देने के लिए मंथन किया

**ऋषिकेश(सं)।** अंकुर पब्लिक स्कूल में पैरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुआ। जिसमें बच्चों की शैक्षणिक अपेक्षाएं और उनके विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच चर्चा हुई। रविवार को प्रगति विहार स्थित अंकुर पब्लिक स्कूल में आयोजित पैरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ निदेशक वैभव सकलानी ने किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण बुजुर्गों को एक साथ लाने में सहायता करता है, जिनके साथ उनका निरंतर संपर्क होता है। इसलिए स्कूल और घर में होने वाली चीजों पर खुलकर चर्चा कर सकते हैं और यह पता लगा सकते हैं कि बच्चे को अधिक स्वस्थ वातावरण में बड़ा करने के लिए, इसे बेहतर कैसे बनाया जाए। प्रिंसिपल नवदीप कौर ने कहा कि पैरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम माता–पिता को अपने बच्चों के समायोजन की संभावित समस्याओं के प्रति उन्मुख करने और इन समस्याओं से निपटने के विभिन्न तरीकों में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस दौरान कार्यक्रम में शैक्षणिक अपेक्षाएं, ताकत पर चर्चा, विशेष आवश्यकताएं, वार्षिक पाठ्यक्रम, मासिक कैलेंडर, प्रमुख स्कूल इवेंट्स, कला एवं शिल्प गतिविधि, बच्चों का सामाजिक मेलजोल, कक्षा व्यवहार, बच्चों की भागीदारी, शुल्क पाठ्यक्रम, भोजन, प्रतियोगिताएं, दैनिक डायरी चेकिंग को लेकर चर्चा की गई। मौके पर ट्विंकल खन्ना, सुनीता सिंह, ऋषभ ओबरॉय, सपना पेटवाल, प्रीति अरोड़ा, शिवानी नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

### तीर्थनगरी में शहर से गांव तक जाम का झाम

**ऋषिकेश(सं)।** तीर्थनगरी में छोटी होली पर लोगों को शहर से लेकर गांव तक जाम का झाम झेलना पड़ा। ट्रैफिक की वजह से दिनभर लोग सड़कों पर जूझते रहे। वाहनों का अत्याधिक दबाव होने से पुलिस भी यातायात को पटरी पर लाने में नाकाम दिखी। रविवार को शहर में जयराम चौक, घाट चौक और चंद्रभागा तिराहा वाहनों से पैक रहा। मुख्य मार्ग पर जाम लगने से आंतरिक सड़कों पर भी वाहन रेंगते रहे। सुबह से लेकर शाम तक जाम के कारण लोगों को फजीहत झेलनी पड़ी। वहीं, श्यामपुर में वीकेंड पर लंबा जाम लगा। रेलवे फाटक से लेकर नेपालीफार्म तक वाहनों की कतारें लगी दिखी। ऋषिकेश से हरिद्वार जाने वाले ट्रैफिक की भी यही स्थिति नजर आई। त्योहर पर पटरी से उतरे ट्रैफिक को सुचारू रखने में पुलिसकर्मी सड़कों पर जद्दोजहद करते दिखे, मगर वाहनों का दबाव बढ़ने से उनके तमाम प्रयास विफल साबित रहे।

### 2 अप्रैल को निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों अथवा निर्वाचन अभिकर्ता संग बैठक आहूत

**देहरादून(सं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी, 01–टिहरी गढवाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सोनिका ने अवगत कराया है 01–टिहरी गढवाल संसदीय क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित विधिक प्राविधानों और उनका पालन करने के सम्बन्ध में ऋषिपर्णा सभागार कार्यालय में 02अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से अभ्यर्थियों अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के साथ बैठक आहूत की गई है।

# रिटर्निंग अधिकारी ने किया सी–विजिल कन्ट्रोलरूम, डीसीसी 1950, सूचना हेल्पडेस्क, एम.सी.एम.सी, कन्ट्रोलरूम एवं जिला निर्वाचन कार्यालय का औचक निरीक्षण

**देहरादून(सं)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को निष्पक्ष एवं निर्विघ्न सम्पादनार्थ हेतु कचहरी परिसर में स्थापित किये गए सी–विजिल कन्ट्रोलरूम, डीसीसी 1950, सूचना हेल्पडेस्क, एम.सी.एम.सी( मीडिया मॉनिटिंग एवं निगरानी कक्ष), कन्ट्रोलरूम एवं जिला निर्वाचन कार्यालय का आज रिटर्निंग अधिकारी, 01–टिहरी गढवाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र/जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सोनिका ने औचक निरीक्षण करते हुए संचालित कार्य एवं व्यवस्थाओं को परखा।



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न कन्ट्रोलरूम कार्मिकों से प्रत्येक पटल पर संचालित कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्मिकों को निर्वाचन की समुचित व्यवस्थाओं को जिम्मेदारी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों को भोजन, जलपान आदि व्यवस्थाएं के बारे में पूछा जिस पर कामिकों ने अवगत कराया कि भोजन, जलपान आदि समुचित व्यवस्थाएं समय पर प्राप्त हो रही है।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने आपदा कन्ट्रोलरूम का निरीक्षण करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को आपदा कार्यालय परिसर में वेबकास्टिंग कन्ट्रोलरूम बनाने के निर्देश दिए। एम.सी.एम.सी कन्ट्रोलरूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए तैनात कार्मिकों को पेड न्यूज पर निगरानी बनाए रखने के दिशा–निर्देश दिए। कहा कि पैड न्यूज संज्ञान में आते ही समिति के सम्मुख रखते हुए व्यय नोडल को प्रेषित करेंगे।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डीसीसी 1950 कन्ट्रोलरूम एवं हेल्पडेस्क का निरीक्षण करते हुए डीसीसी में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण के सम्बन्ध में कार्मिकों से जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि कन्ट्रोलरूम प्राप्त कॉल तथा हेल्पडेस्क पर आने वाले का समुचित समाधान एवं उचित मार्गदर्शन करें।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा,अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, महाप्रबन्धन परिवहन निगम अनिल गर्बियाल, सहायक निदेशक सूचना/नोडल मीडिया/एम.सी.एम.सी बी.सी नेगी, सहायक नोडल एम.सी.एम.सी/सहायक निदेशक कृषि अशोक गिरि, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पी.सी त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार किसान, मजदूर, कर्मचारी विरोधीः नवप्रभात

**विकासनगर(सं)।** भले ही अभी कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पछुवादून में प्रचार के लिए नहीं पहुंचे हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर कांग्रेस का प्रचार अभियान गांवों तक पहुंच गया है। रविवार को पूर्व मंत्री नवप्रभात ने बड़वा में ग्रामीणों से संवाद करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा सरकार किसान, कर्मचारी, मजदूर विरोधी है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार के दस साल के कार्यकाल और प्रदेश सरकार के अब तक के कार्यकाल में किसान, मजदूर और कर्मचारी सड़क पर हकों की लड़ाई लड़ते नजर आ रहे हैं। किसान अपने हक की लड़ाई लड़ते हुए एमएसपी की मांग कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार किसानों की इस मांग की पूरी तरह से अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीब, मजदूर, किसान और कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाईं और धरातल पर लागू किया था। जबकि डबल इंजन की सरकार में महंगाई और बेरोजगारी की मार ने हर वर्ग की कमर तोड़कर रख दी। कहा कि खाद, बीज, उपकरण का खर्च तक किसान नहीं निकाल पा रहे हैं।

किसान, मजदूर, व्यापारी, मातृशक्ति, युवा सभी वर्ग भाजपा के शासन से त्रस्त हैं। महंगाई सातवें आसमान पर है। युवा वर्ग बेरोजगारी से त्रस्त है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता जागरूक हो चुकी है, उसे पता है कि उनके हित कांग्रेस सरकार में ही सुरक्षित हैं। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, कुंवर सिंह, विजय चौहान, राजन, दीपक चौहान, अनूप, कुलदीप, सत्येंद्र, रितेश, विशाल, ऋषभ, उर्मिला, नितिका, अजय आदि मौजूद रहे।

### होलिका दहन पर द्वेष और बुराइयों की आहूति दी

**ऋषिकेश(सं)।** तीर्थनगरी होली पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। रविवार को होलिका पूजन तथा दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर और आसपास के क्षेत्रों में लोगों ने विभिन्न स्थानों पर होलिका पूजन कर परिवार की सुख समृद्धि, अटल सुहाग और दीर्घायु की कामना की। क्षेत्रवासियों ने देर शाम ढोल–नगाड़ों की थाप के बीच होलिका के साथ मन के राग–द्वेष और बुराइयों की अग्नि में आहुति दी। रविवार को होलिका दहन के लिए ऋषिकेश के विभिन्न क्षेत्रों में होलिका की पूजा–अर्चना की गई। व्रती महिलाओं ने होलिका की विधिवत पूजा–अर्चना कर होलिका के चारों ओर कलावा बांधकर अटल सुहाग और दीर्घायु की कामना की। नगर के त्रिवेणीघाट, शांतिनगर, चंद्रेश्वरनगर, आवास विकास, कुम्हारबाड़ा, टीएचडीसी, आइडीपीएल, मुनिकीरेती आदि क्षेत्रों में होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान प्रत्येक घर में लोगों ने होली को तिलक करने के पश्चात होलिका दहन किया गया। देर शाम लोगों ने परंपरा अनुसार होलिका का दहन कर मन के राग–द्वेष भी अग्नि में आहुति देकर परिवार की सुख–समृद्धि के साथ दीर्घायु की कामना की। संगीत की धुन पर कई जगह लोगों ने नृत्य भी किया।

### रिटर्निंग अधिकारी ने किया निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन पंजिका के मिलान हेतु कार्यक्रम निर्धारित

**देहरादून(सं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी, 01–टिहरी गढवाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सोनिका ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024को समुचित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्वाचन आयोग की के निर्देशों के अनुसार 01–टिहरी गढवाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन पंजिका के मिलान हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।प्रथम निरीक्षण– 08 अप्रैल 2024, द्वितीय निरीक्षण 12 अप्रैल 2024 तथा तृतीय निरीक्षण 16 अप्रैल 2024 को स्थान ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किया जाएगा।जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी, 01–टिहरी गढवाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र निर्देशित किया कि 01–टिहरी गढवाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थी अपना संशुद्ध निर्वाचन व्यय लेख पंजिका मूल में तथा तथा निर्वाचन व्यय लेख पंजिका, बाउचर्स एवं निर्वाचन बैंक खाता विवरण पत्र स्व. प्रमाणित छायाप्रतियां भी नियत तिथि एवं समय स्थान पर स्वयं या अधिकृत निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# तीसरी बार भाजपा के हाथों में होगी देश की कमानः बलूनी

**ऋषिकेश(सं)।** भाजपा ने ढालवाला में होली मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें पौड़ी लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गढ़वाल में भाजपा के प्रति लोगों में जबरदस्त आकर्षण है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में ही देश सुरक्षित और विकसित होता नजर आ रहा है। लिहाजा, तीसरी बार जनता देश की कमान भाजपा को सौंपने जा रही है। रविवार को एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित समारोह में उन्होंने कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ फूलों की होली खेली और उन्हें सद्भाव और प्रेम से होली पर्व मनाने के लिए कहा। बलूनी ने कहा कि पिछले 10 दशक में देश का विकास तेजी से हुआ है।

हर घर तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा है। लाभार्थी ही भाजपा की असल ताकत हैं। इस चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीट से जीत की शुरुआत होगी और इसके बाद देशभर में संगठन 400 पार के लक्ष्य को हासिल करेगा। क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनहित में ऐतिहासिक काम किए हैं।

देश–प्रदेश की जनता सरकार के कामों से खुश है, जिसका फल लोकसभा चुनाव में भाजपा को हर सीट पर जीत के रूप में प्राप्त होगा। इससे पूर्व कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, निवर्तमान पालिकालध्यक्ष रोशन रतूड़ी, विनय उनियाल, विनोद कुकरेती, भगवती काला, सचिन रस्तोगी, अर्चित पांडेय, शंभू पासवान, धर्म सिंह, संदीप गुप्ता, वैभव थपलियाल, राजेंद्र भंडारी, प्रेमदत्त सेमवाल, भगवती रतूड़ी, मदन सिंह रावत, राजेंद्र थलवाल, दिनेश कोठियाल, बीना जोशी, राजकुमारी जुगरान, सुनीता नेगी, बीना बिष्ट, सीमा बिजल्वाण, मीना मदवाण, सुधा बिष्ट, इंद्रा आर्य, शशि कंडारी, आरती चौहान, सरोज कुकरेती, किरन चौहान, कमलेश थलवाल, राजकुमार जखमोला आदि मौजूद रहे।

## मित्र मंडल के होली मिलन में रंगारंग कार्यक्रमों ने बांधा समां

**देहरादून(सं)।** मित्र मंडल देहरादून के होली मिलन समारोह में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरी। रविवार को तिलक रोड स्थित तुलसी प्रतिष्ठान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में संजय अरोड़ा एंड पार्टी ने होली पर आधारित एक के बाद एक सुंदर प्रस्तुति दी। इसके बाद बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम पर चार चांद लगाए। इस मौके पर अध्यक्ष धन प्रकाश गोयल, महामंत्री पंकज गुप्ता, संयोजक सोम प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार जैन, प्रदीप नागलिया, राजेश जैन, राजेंद्र प्रसाद गोयल, विवेक अग्रवाल, सतर नागलिया आदि मौजूद रहे।

## देहराखास में होली पर गाए भजन

**देहरादून(सं)।** चमन विहार फेस–2 रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। कलाकारों ने राधा कृष्ण की लीलाओं की शानदार प्रस्तुतियां दी। जिस पर लोग झूम उठे। देर रात होलिका दहन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मनोज सिंह कांबोज, सचिव गौतम क्षेत्री, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष हिमांशु उभान, अंकुर चौधरी, डॉ। अभिषेक मिश्रा, किरण पांडेय, अंशुमन, अजय शर्मा, निशा रजक, डॉ। प्रदीप मेहता, बालिंदर कांबोज, योगेश कुमार, रसपाल सिंह, अभिनव गोयल, शिवानंद घिल्डियाल, विकास कुश, रविंद्र गुप्ता, राहुल धीमान आदि मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह में कुमाऊंनी होल्यारों ने बिखेरे होली के रंग

**देहरादून(सं)।** काबीना मंत्री गणेश जोशी द्वारा होली के अवसर पर अपने आवास में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों, मीडिया तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भागीदारी की। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने खुद भी होली गीतगाए, नृत्य किया और वाद्य यंत्रों पर हाथ आजामाया। उन्होंने प्रदेशवासियों को होली की बधाई दी है। होली मिलन समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र रही कुमाऊंनी होल्यारों ने खड़ी होली के पारंम्परिक होलियां गाकर समां बांध दिया। कैबिनेट मंत्री ने होल्यारों के साथ फाग एवं नृत्य कर होली का आनन्द लिया। पारंम्परिक पोशाक में सभी होल्यारे, छोलिया नृतक, मशकबीन व ढोल–दमाऊं की थापों पर नृत्य कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी आत्मीयता के साथ सभी से मिले तथा होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार उमंग और आपसी सौहार्द का पर्व है।

## रोशनाबाद जिला जेल में कैदियों ने धूमधाम से मनाई होली

**हरिद्वार(सं)।** रोशनाबाद जिला जेल में रविवार को धूमधाम से होली मनाई गई। होली मिलन समारोह में जेल अधीक्षक मनोज आर्य, अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी शामिल हुए। जेल अधीक्षक मनोज आर्य ने बताया कि जेल में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए सभी पर्व धूमधाम से मनाए जाते हैं। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि हरिद्वार जेल में जिस तरह से त्योहार मनाए जाते हैं, उसे देखते हुए वे इसे जेल नहीं बल्कि सुधार गृह मानते हैं।

## होली पर बाजारों में बढ़ी भीड़, जमकर हुई खरीदारी

**हरिद्वार(सं)।** धर्मनगरी के बाजारों में होली से एक दिन पहले रविवार को लोगों की भीड़ बढ़ गई। होली के लिए पिचकारी, गुलाल, गुब्बारे, मास्क आदि की खरीदारी हुई। महिलाओं ने गुझिया, चाट, पापड़, कचरी, मिठाई, मालपुआ आदि खाद्य सामग्री की खरीदी की। नहोली से पहले महिलाएं गुझिया, चाट, पापड़, कचरी, पकौड़ी, मिठाई, मालपुआ आदि खाद्य सामग्री समूह में घर पर ही बनाती थी। बीते कुछ सालों में बाजारों में बनीं खाद्य सामग्री की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा है। बाजारों से खाद्य पदाथी की खरीददारी का चलन बढ़ा है। कई जगह महिलाएं आज भी खाद्य सामग्री होली से पहले घरों में तैयार करती हैं।

# होली के गीतों पर झूमे लोग, होलाष्टक पर खूब उड़े अबीर- गुलाल

## होलिका दहन से पूर्व महिलाओं ने की पूजा–अर्चना ,बच्चों की टोलियों ने घर–घर जाकर खेली होली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** होली के पर्व को लेकर शहरवासियों में उत्साह बना हुआ है। जगह-जगह लोग होली के गीतों पर झूमते हुए नजर आए। वहीं, शहर के विभिन्न मोहल्लों में होलीका दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। झंडाचौक में कांवड सेवा समिति की ओर से होलीका का निर्माण करवाया गया। होलीका दहन से पूर्व महिलाओं ने पूजा-अर्चना की।

सोमवार को मनाई जाने वाली होली से पूर्व शहर में रविवार को होलाष्टक बनाया गया। लोगों ने खूब उत्साह के साथ एक दूसरे पर रंग लगाते हुए होली की बधाईयां दी। जगह- जगह होली मिलन के कार्यक्रमों में जमकर अबीर-गुलाल उडाए गए। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई भी दी। वहीं, मोहल्लों में जगह-जगह होलिका का निर्माण किया



कोटद्वार के झंडाचौक में बनाई गई होलीका

गया। युवाओं की टोली घर-घर जाकर होली के गीत गा रहे थे। शहर में मुख्य रूप से झंडाचौक में होलीका दहन हुआ। जहां होलीका दहन के दौरान सैकड़ों लोग मौजूद थे। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए झंडाचौक व अन्य स्थानों पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था। यातायात सुधारने के लिए पुलिस की अतिरिक्त टीमें तैनात थी।

### कैमिकल युक्त रंगों का न करें प्रयोग

वर्तमान में अबीर-गुलाल के साथ ही बाजार में कैमिकल युक्त रंग भी उपलब्ध हैं। लेकिन, यह रंग त्वचा के साथ ही सेहत के लिए भी काफी नुकसानदायक हैं। आज भी बाजार में कापर, सल्फेट, एल्यूमिनियम, ब्रोमाइड, मरकरी, सल्फाइड मिश्रित रंग धड़ल्ले से बिक रहे हैं। कैमिकर युक्त रंगों के बजाय हमें हर्बल रंगों का उपयोग करना चाहिए।

# आंदोलनकारियों की पैरवी करने वाले अधिवक्ता हुए सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा की ओर से न्यायालय में मुजफ्फरनगर कांड के पीड़ितों की पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। कहा कि आंदोलन को न्याय दिलवाने के लिए अधिवक्ताओं ने काफी मेहनत की है।

रविवार को तहसील परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुजफ्फर नगर कांड के पीड़ितों की कोर्ट में पैराकारी करने वाले अधिवक्ता रमन शाह व अनुराग वर्मा को सम्मानित किया।

राज्य आंदोलनकारी मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण को लेकर 2 अक्टूबर 1994 को मुजफ्फर नगर में आंदोलनकारियों के साथ बलात्कार, हत्या जैसी वीभत्स घटनाओं को अंजाम दिया गया था। नैनीताल हाई कोर्ट के अधिवक्ता रमन शाह व मुजफ्फर नगर बार संघ से जुड़े



अधिवक्ताओं को सम्मानित करते सदस्य

अधिवक्ता अनुराग वर्मा कोर्ट में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कोर्ट में पैरवी कर रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप उत्तरप्रदेश पुलिस के दो सिपाहियों को आजीवन कारावास की सजा मिली है। कहा कि अभी भी कई आरोपियों को सजा दलावाई जानी बाकी है। जिसके लिए प्रयास जारी है। अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने कहा कि मुजफ्फर नगर कोर्ट में तीन केस विचाराधीन है।

## होली पर पुलिस की सख्ती, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए 2 सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा ऐक्ट के तहत कार्रवाई की है।

साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने पर 6 वाहन चालकों को गिरफ्तार करते हुए वाहनों को सीज किया है। साथ ही इन वाहन चालकों के डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की है। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव और होली को देखते हुए जिलेभर में पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। अभी तक शांति व कानून व्यवस्था में बाधा डालने पर 5 व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ 11 व्यक्तियों के विरुद्ध भी हुई कड़ी कार्रवाई की है। बताया कि थाना थलीसैंण व पौड़ी कोतवाली पुलिस ने 1-1 व्यक्ति के विरुद्ध गुंडा ऐक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## धूमधाम से मनाया गया होली का पर्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** विधायक कार्यालय में होली मिलन धूमधाम से मनाया गया। विधायक राजकुमार पोरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। रविवार को विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में होली के गीत गाते हुए कार्यकर्ताओं ने रंग और गुलाल उड़ाते हुए एक दूसरे को होली की बधाइयां दीं। मौके पर गुजिया और मिठाइयां वितरित करते हुए विधायक पोरी ने कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई। इस मौके पर भाजपा के विधानसभा प्रभारी संपत रावत, भाजपा जिला महामंत्री शशि चंद्र रतूड़ी, ओमप्रकाश जुगरण, जगत किशोर बड़थ्वाल, प्रियंका थपलियाल, कुसुम चमोली, बबीता रावत, सुमन लता ध्यानी आदि शामिल रहे।

# वीर सैनिकों के योगदान को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** असम राइफल्स पूर्व सैनिक संगठन की ओर से असम राइफल्स का 189–वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

रविवार को पदमपुर स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल रावत ने पूर्व सैनिकों से अपने हितों को लेकर एकजुट होने की अपील की। कहा कि एक सैनिक देश की रक्षा के बाद समाज की रक्षा में अपना योगदान देता है। संगठन के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने असम राइफल्स के इतिहास के बारे में बताया। कहा कि देश की रक्षा में दिए गए सैनिकों के योगदान को




स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि

कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर एमएस भंडारी, मनवर सिंह, चंद्रमोहन सिंह, शोभन सिंह नेगी, सुरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# समिति ने नशामुक्त होली मनाने का दिया संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति ने नशामुक्त होली महोत्सव मनाने का संकल्प लिया है। कहा कि हमें होली का पर्व भाई–चारे के साथ मनाना चाहिए। इस दौरान होली के गीत भी गाए गए।

मोटाढांक में नंदन सिंह नेगी की अध्यक्षता में होली महिला समारोह का आयोजन किया गया। समिति के महामंत्री रमाकांत कुकरेती ने होली के महात्म्य के बारे में बताया। कहा कि हमें होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाना चाहिए। युवाओं को नशे से दूर रहकर पर्व को भाई–चारे के साथ मनाने में अपना योगदान देना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष राम भरोसा




आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सदस्य

कंडवाल ने कहा कि क्षेत्र में युवाओं की टोली लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेगी। हमारा उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाना है। इस दौरान सदस्यों ने एक–दूसरे पर रंग लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही होली के मनमोहक गीत भी गाए गए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं से अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण की भी अपील की गई। इस मौके पर रमाकांत कुकरेती, दिनेश चौधरी, पुष्पा देवी, नीरजा गौड़, रेखा ध्यानी, मीनाक्षी बड़थ्वाल, आंचल विष्ट, वैशाली, नंदन सिंह नेगी, राज किशोर मंगाई, एसपी डोबरियाल, रमाकांत कुकरेती, दिनेश चौधरी, मनमोहन काला, जगत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# चुनावी तैयारीः ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम में हुई शिफ्ट

**पौड़ीः** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के पदाधकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस से ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम जीआईसी में विधानसभावार शिफ्ट किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन ईवीएम मशीनों का विधानसभावार प्रथम रेंडमाइजेशन हुआ है, उन्हें शिफ्ट किया जा रहा है। ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिले की 6 विधानसभाओं का राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया था।

इन मशीनों को सुरक्षा बलों की निगरानी में रविवार को विधानसभावार अलग–अलग स्ट्रांग रूम जीआईसी में रखा गया। वहीं स्ट्रांग रूम में ईवीएम शिफ्ट होने के बाद राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन अधिकारी ईला गिरी, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, उप जिलाधिकारी श्रीनगर नुपुर वर्मा आदि अफसर मौजूद रहे।



चुनाव को लेकर व्यवस्थाओं को देखते जिलाधिकारी

## वनकर्मियों के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार(सं)।** शुक्रवार को मेला अस्पताल के बाहर सजाई गई होलिका को लेकर विवाद खड़ा हो गयाथा। वन विभाग की टीम ने होलिका में लगाई गई लकड़ियों को जंगल से काटकर लाने का आरोप लगाते हुए कब्जे में लेना चाहा था, जिसका क्षेत्रवासियों ने विरोध कर दिया था। वन विभाग का आरोप था कि लकड़ी जंगल से काटकर लाई गई है।

इधर, क्षेत्रवासियों ने वन विभाग की टीम पर एक किशोर के साथ अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्द कहने का आरोप लगाया था। वन विभाग की मायापुर पूर्वी बीट हरिद्वार रेंज की वनबीट अधिकारी योगिता ने निखिल शोदाई उर्फ डोडा, वंशु उर्फ गंजा, बोनी उर्फ वरुण निवासी बिल्केश्वर वाल्मीकि बस्ती के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। अब दूसरे पक्ष के वरुण निवासी बिल्केश्वर रोड बाल्मीकि बस्ती ने मुकदमा दर्ज कराया कि होलिका में लकड़ी लगा रहे थे।

## स्मैक तस्करी के आरोपी दंपति समेत चार पर गैंगस्टर

**हरिद्वार(सं)।** एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि ज्वालापुर पुलिस टीम ने कुछ समय पूर्व स्मैक की डिलीवरी देने आए आरोपी ईस निवासी लादपुर खुर्द कोतवाली लक्सर, शहजाद निवासी जौरासी उर्फ जबरदस्तपुर कोतवाली रुड़की और अभिषेक राजपूत और उसकी पत्नी मीनू रानी निवासीगण स्याऊथाना चांदपुर बिजनौर यूपी हाल निवासी पता गली नंबर ए–1 चोर गली सुभाषनगर को दबोचा था। आरोपियों के कब्जे से 30 लाख की स्मैक, एक कार और नकदी बरामद की गई थी।

## गिले सिकवे दूर करने का पर्व है होली

**रुड़की(सं)।** मां शाकुंभरी देवी सेवा परिवार के तत्वाधान में पंचायती धर्मशाला में होली मिलन का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भूषण शर्मा ने कहा की होली रंगों का त्यौहार है। जिसे मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्था को भी इसी उद्देश्य के लिए बनाया है कि धर्म का प्रचार एवं प्रसार कर सकें। संस्था का उद्देश्य है कि आने वाली पीढ़ी को कैसे अच्छे संस्कार दे सकते हैं और उनका धर्म के प्रति कैसे रुझान बढ़ाया जा सकता है यह प्रयास जारी रहते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था धर्म से संबंधित सभी कार्यों में पूर्ण रूप से अपने तन मन धन से सहयोग करती है। इसके लिए संस्था के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री विभोर अग्रवाल ने कहा कि होली का पर्व खुशियां, उमंग और उत्साह लेकर आता है। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने त्योहारों के बारे में बताना चाहिए।

ताकि संस्कृति और परंपरा को बचाकर आगे ले जा सकते हैं। इस अवसर पर पंडित रोहित शर्मा, अनुज शर्मा, पंडित सचिन शास्त्री, पुनीत कुमार, श्रद्धा हिंदू, सीमा चौधरी, आशा अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, शौर्य अग्रवाल, अतुल वर्मा, रिशु मित्तल, सतीश कुमार, मोहित अग्रवाल, प्रमोद रस्तोगी और अनुज सैनी आदि मौजूद रहे।

## चालीस लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रुड़की(सं)।** बीती रात पुलिस ने रणजीतपुर के तीन लोगों को अलग–अलग जगह से चालीस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

सिपाही नत्थी सिंह और वीरेंद्र बनोला ने एक केन में पंद्रह लीटर कच्ची शराब लेकर जा रहे रोहित पुत्र तेजपाल निवासी रणजीतपुर को गिरफ्तार कर लिया।

सिपाही गंगा सिंह और राजेंद्र सिंह ने इसी गांव के मनोज पुत्र सत्पपाल को दस लीटर कच्ची शराब के साथ और सिपाही अमित कुमार और राजेंद्र ने बासु पुत्र जगदीश निवासी रणजीतपुर को केन में पंद्रह लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया है।

# ज्ञानार्य वनप्रस्थी की पुस्तक सत्संग सौरभ का किया विमोचन

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वारः** आर्य गिरधारीलाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से ज्ञानार्य वनप्रस्थी द्वारा लिखित पुस्तक सत्संग सौरभ का विमोचन किया गया। कहा कि यह पुस्तक समाज को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

बलभद्रपुर स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहित्यकार नंदकिशोर ढौंडियाल, चक्रधर शर्मा, डा.वेदप्रकाश माहेश्वरी, सत्यप्रकाश थपलियाल, डा.मनोरमा ढौंडियाल व जनार्दन बुड़ाकोटी ने पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक की समीक्षा करते हुए साहित्यांचल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी ने कहा कि लेखक ने उम्र के इस पड़ाव में भी अच्छे समाज के निर्माण के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों को रोशनी दी है। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, नशा मुक्ति, विधवा विवाह का चलन, महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, शाकाहार का महत्व, पशुबलि निषेध, हिंदी के विस्तार व शिक्षा की गुणवत्ता आदि विषयों पर प्रकाश डाला है। इस मौके पर आर्य गिरधारीलाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष डा.सुरेंद्र लाल आर्य, विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वमकर्मा ट्रस्ट की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, सतीश कुमार, भरत सिंह, नंदलाल धनगर, अमेरिका सिंह, सुदर्शन कोटनाला, फतेह सिंह नेगी, कौशल्या जखमोला, शूरवीर खेतवाल, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव पीएल खंतवाल ने किया।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते सदस्य

## नौकरी के नाम पर बीस लाख की धोखाधड़ी

**रुड़की(सं)।** एक व्यक्ति के पुत्र को नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उप निरीक्षक पुष्कर सिंह चौहान को मामले की जांच सौंपी गई है। रुड़की कोतवाली को निकट राजकीय इंटर कॉलेज छिद्रवाला जिला देहरादून निवासी भवानी शंकर अमोली ने तहरीर देकर बताया कि 2021 में पुत्र की नौकरी लगाने के लिए आरोपियों से मुलाकात हुई थी। जिन्होंने बताया था कि वह पुत्र का एक अच्छे शिक्षण संस्थान में एडमिशन करा देंगे। इसके बाद वहां से पुत्र की नौकरी लग जाएगी। लेकिन इस सब के लिए करीब बीस लाख रुपये देने होंगे। आरोप है कि 14 फरवरी 2021 से 28 जुलाई 2021 तक आरोपियों को बीस लाख रुपये दिए गए थे। आरोपियों ने आश्वासन दिलाया था कि यदि पुत्र की नौकरी नहीं लगी तो वह सारी रकम वापस कर देंगे। लेकिन आज तक आरोपियों ने पुत्र की नौकरी नहीं लगवाई।

## मौसम का बदला मिजाज, दिन में छाए रहे बादल

**हरिद्वार(सं)।** धर्मनगरी में रविवार को अधिकतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज हुआ था। रविवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस घट गया। पिछले एक सप्ताह से धर्मनगरी में धूप की तपिश बढ़ लगातार बढ़ रही थी। इस कारण दिन के तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही थी। लेकिन रविवार को मौसम में ठंडक रही। दिन में आवागमन करने के दौरान ठंड का एहसास बना रहा। हालांकि, सोमवार को धूप निकलने के साथ ही अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक रहने का पूर्वानुमान है।

# वेतन नहीं मिलने से बेरंग हुई दून अस्पताल के कर्मचारियों की होली

**देहरादून(सं)।** दून अस्पताल में लगे उपनल के करीब 300 कर्मचारियों की होली वेतन नहीं मिलने से बेरंग हो गई है। उनमें अफसरों एवं लेखा, अकाउंट और प्रशासनिक अनुभाग के प्रति जबरदस्त आक्रोश है।

कर्मचारियों का कहना है कि वह पिछले एक सप्ताह से अफसरों एवं संबंधित अनुभागों के कर्मचारियों के चक्कर काट रहे थे, लेकिन किसी अफसर ने सुध नहीं ली। अफसरों के संरक्षण से कुछ कर्मचारी लापरवाह बने हैं, कर्मचारियों के वेतन को लेकर बिल्कुल संजीदगी नहीं दिखाई। सूत्रों ने बताया कि पहले अस्पताल स्तर पर देरी से प्रक्रिया हुई, उसके बाद कॉलेज में बिल दबाए बैठे रहे। ट्रेजरी में बिल देरी से पहुंचने की वजह से छुट्टियों के चलते वेतन ही जारी नहीं हो सका। उधर, दून मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कर्मचारियों में समन्वय नहीं होने की बात भी सामने आई है। वहीं, होली पर डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को करीब डेढ़ करोड़ का इंसेंटिव देने का दावा भी हवाई साबित हुआ। संबंधित अनुभाग के कर्मचारियों ने विभागों से मिले डाटा की केलकुलेशन ही नहीं की। जिससे इंसेंटिव अटक गया। कर्मचारियों का कहना है कि होली पर पहली बार ऐसा हुआ वेतन–इंसेंटिव नहीं मिला। फरवरी का वेतन नहीं मिलने से उनके घर का किराया, राशन तक का संकट आन पड़ा है। ऐसे में होली तो क्या ही मनाएंगे। एमएस डॉ. धनंजय डोभाल का कहना है कि नियमित कर्मचारियों, टीडीएस वालों का वेतन मिल गया है। उपनल का ट्रेजरी में बिल है, जल्द वेतन मिल जाएगा। इंसेंटिव के लिए केलकुलेशन की जा रही है।

### आयुर्वेद विवि में हाल बेहाल, चार माह से वेतन नहीं मिल पाया

आयुर्वेद विवि में चार माह से उपनल एवं पीआरडी का वेतन नहीं मिला। उनकी होली फीकी मनेगी। कर्मचारी नेता अशोक कुमार का कहना है कि कर्मचारियों के लिए अफसर बिल्कुल फिक्र नहीं करते। वह उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# दून में दुनियाभर के कुरान, प्रदर्शनी देखने उमड़े लोग

**देहरादून(सं)।** सुलेख कला के दर्पण में पवित्र कुरान की प्रदर्शनी में दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोग उमड़े और उन्होंने पवित्र कुरान की जियारत की। सबसे बड़ी, सबसे छोटी कुरान आकर्षण का केंद्र रही। रविवार को शुरुआत ईरान कल्चरल हाउस नई दिल्ली के कारी मोहम्मद यासीन, जनरल सेक्रेटरी अंजुमन खत्तातन–ए–हिंद द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। तस्मिया कुरान संग्रहालय के अध्यक्ष डॉ. एस फारूक ने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, विशिष्ट अतिथि भारत के पूर्व काउंसिल जनरल, न्यूयॉर्क और अर्जेंटीना के राजदूत प्रमथेश रथ, हमदर्द विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी प्रो. ए हक, और एम्स दिल्ली के आँखों विभाग के पूर्व एचओडी डॉ. एम. फारूक का एक विशेष माला और शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि सतपाल महाराज ने कहा कि कुरान भाईचारे और शांति का संदेश देता है। एकता एक शक्ति है, जिससे हमारा देश और मजबूत होगा। उन्होंने डॉ. एस फारूक को अरबी लिपि का स्मृति चिन्ह भेंट किया। विभिन्न राज्यों के सभी समुदाय के पुरुषों और महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भीड़ ने पवित्र कुरान आयतों और फ्रेंच, चीनी, गढ़वाली और कुमाऊंनी गुरुमुखी सहित विभिन्न 73 भाषाओं में इसके अनुवादों के साथ उत्कीर्ण बहुमूल्य लेखों को देखा। आखिर में डॉ. आरके बख्शी ने सभी का धन्यवाद दिया। इस दौरान गायक बॉबी कैश, अभिनेत्री सौम्या, अवि नंदा, सतीश शर्मा, डॉ आईपी पांडे, सैयद हारून अहमद, सैयद फारुख अहमद, डॉ फैसल अहमद, सैयद मुनीर अहमद, सैयद इमरान अहमद, जहांगीर अहमद, मुफ्ती सलीम कासमी, मुफ्ती वसीउल्लाह, मुफ्ती जिया, हाफिज शाहनजर, मास्टर मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।

### 1.75 ग्राम से 2500 किग्रा की कुरान

प्रदर्शनी में विश्व की सबसे बड़ी पवित्र कुरान एक हजार चार सौ सतासी फीट बाई टो फीट, दुनिया की 73 भाषाओं में कुरान, लॉकेट और पॉकेट कुरान, 1.75 ग्राम से 2500 किलोग्राम वजन वाली कुरान की प्रतियां, बोलने वाले कलम के साथ पवित्र कुरान, खुशबू के साथ पवित्र कुरान, डिजिटल कुरान आकर्षण का केंद्र बने।

## वजेता प्रतीक चिह्न से बच्चे सम्मानित

**रुड़की(सं)।** शेफील्ड स्कूल में रविवार को ग्रेजुएशन डे धूमधाम से मनाया गया। जहां नन्हें मुन्ने बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जूनियर ब्रांच में बहुत ही खूबसूरत नजारे देखने को मिले। नन्हें मुन्ने बच्चे ग्रेजुएशन डे की यूनिफॉर्म पहनकर आए और अपने माता–पिता के साथ उन्होंने सेल्फी ली।

इस मौके पर सीनियर ब्रांच की प्रधानाचार्य डॉ. रुचि रावत और स्कूल के डॉयरेक्टर डीके शर्मा ने बच्चों को विजेता प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जेबा, शिवानी सैनी, अंकुश सैनी, अर्पणा, श्वेता और शोभा आदि मौजूद रही।

## जंगम शिवालय में 31 क्विंटल दूध का प्रसाद वितरण

देहरादून(सं)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री जंगम शिवालय मंदिर पलटन बाजार में महंत कृष्णा गिरी महाराज के सानिध्य में दिगम्बर रवि गिरी, दिगम्बर तेज गिरी, दिगम्बर राजा गिरी व शिव भक्त गुरप्रीत सिंह आहलुवालिया के परिवार की ओर से 31 क्विंटल केसर युक्त दूध का प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पंडित मनोज, पं.गुणानंद, पं.विनोद, पं.ऋषभ पंत ने भक्ति भाव से शिव आराधना की। जंगम शिवालय में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करने वालों में सिमरजीत कौर आहलुवालिया, सुजाता, श्रीप्रीत कौर आहलुवालिया, चरनजोत सिंह आहलुवालिया, अभिषेक गुप्ता, चिन्मय चौरसिया, नमन, अर्चित, सचित तुली, आदित्य ने भक्तों को दूध का प्रसाद वितरित किया।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 6 के खिलाफ की कार्रवाई

पौड़ी(सं)। पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए 2 सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा ऐक्ट के तहत कार्रवाई की है। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने पर 6 वाहन चालकों को गिरफ्तार करते हुए वाहनों को सीज किया है। साथ ही इन वाहन चालकों के डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की है। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव और होली को देखते हुए जिलेभर में पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। अभी तक शांति व कानून व्यवस्था में बाधा डालने पर 5 व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ 11 व्यक्तियों के विरुद्ध भी हुई कड़ी कार्रवाई की है। बताया कि थाना थलीसैंण व पौड़ी कोतवाली पुलिस ने 1–1 व्यक्ति के विरुद्ध गुंडा ऐक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## होली मिलन कार्यक्रम मनाया

पौड़ी(सं)। विधायक कार्यालय में होली मिलन धूमधाम से मनाया गया। विधायक राजकुमार पोरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। रविवार को विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में होली के गीत गाते हुए कार्यकर्ताओं ने रंग और गुलाल उड़ाते हुए एक दूसरे को होली की बधाइयां दीं। मौके पर गुजिया और मिठाइयां वितरित करते हुए विधायक पोरी ने कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई। इस मौके पर भाजपा के विधानसभा प्रभारी संपत रावत, भाजपा जिला महामंत्री शशि चंद्र रतूड़ी, ओमप्रकाश जुगरण, जगत किशोर बड़थ्वाल, प्रियंका थपलियाल, कुसुम चमोली, बबीता रावत, सुमन लता ध्यानी आदि शामिल रहे।

## 14 पेटी शराब के साथ 3 गिरफ्तार

चमोली(सं)। पुलिस और एसओजी की टीम ने दो अलग–अलग मामलों में शराब की 14 पेटी के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। शराब ले जाने के मामले में वाहन को भी सीज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार रात को मुखबिर की सूचना पर कोठियालसैण–नन्दप्रयाग मार्ग पर बालखिला पुल के पास चैकिंग के दौरान 31 वर्षीय प्रकाश सिंह और 23 वर्षीय अभिषेक रावत को गिरफ्तार किया है। दूसरे मामले में 48 वर्षीय राजेंद्र वर्मा को सेमलडाला पार्क के पास से 4 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## नाबालिग को भगा ले गया आरोपी गिरफ्तार

देहरादून(सं)। नाबालिग किशोरी को भगाकर ले गए आरोपी को राजपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कुठालगेट चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि बीते छह मार्च को किशोरी की मां ने केस दर्ज कराया।

कहा कि उनकी बेटी को कोई युवक भगा ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर समीर (19) निवासी न्यू खाल गांव, राजपुर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पीड़ित बरामद हुई। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। दुष्कर्म के साक्ष्य मिलने पर पोक्सो और दुष्कर्म की धाराएं भी जोड़ी जाएंगी।

# चमोली की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के लिए होंगे 584 कार्यकारी मतदेय स्थल

**माइग्रेट 9 मतदेय स्थलों के समायोजन और एक नए मतदेय स्थल बनने से मतदेय स्थलों की संख्या 592 से घटकर 584 हुई।**

चमोली(सं)। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के सफल संपादनार्थ निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों यथा 04–बद्रीनाथ, 05–थराली और 06–कर्णप्रयाग के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित मतदेय स्थलों के भवन क्षतिग्रस्त या जीर्ण–शीर्ण होन, विद्यालयों के उच्चीकरण होने पर मतदेय स्थलों के नाम में परिवर्तन करने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 04–बद्रीनाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अधिक उंचाई वाले हिमाच्छादित 09 मतदेय स्थलों यथा माणा, नीती, गमशाली, कैलाशपुर, जेलम, कोषा, जुम्मा, द्रोणागिरी और मलारी के कुल 3821 मतदाताओं को जनपद की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उनके शीतकालीन निवास स्थान के निकटतम मतदेय स्थलों पर मतदान की सुविधा हेतु 40 मतदेय स्थलों में संबद्ध करने और मतदेय स्थल संख्या–86अ रा.इ.का. माणा घिंघराण कक्ष संख्या–2 में सहायक मतदेय स्थल बनाए जाने की स्वीकृति मिल गई है। 04–बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत माइग्रेट 09 मतदेय स्थलों को अन्य मतदेय स्थलों में संबद्ध करने और एक सहायक मतदेय स्थल बनने के बाद अब कुल 202 कार्यकारी मतदेय स्थल रह जाएंगे। जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 592 मतदेय स्थलों में से 09 मतदेय कम होने और एक सहायक मतदेय स्थल बनने से कुल 584 कार्यकारी मतदेय स्थल रह जाएंगे। इस प्रकार 04–बद्रीनाथ विधानसभा में 202, थराली विधानसभा में 203 और कर्णप्रयाग में 179 मतदेय स्थल होंगे।

## दो ट्रकों की भिड़ंत में चालक घायल

श्रीनगर गढ़वाल(सं)। ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग श्रीनगर में एजेंसी मौहल्ले के पास दो ट्रकों में आपसी भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में एक चालक को हल्की चोटे आई हैं। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात करीब 10 बजे एजेंसी मौहल्ले पर दो ट्रकों की आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्थानीय लोग सड़कों पर पहुंच गए। हालांकि आपसी भिड़ंत में एक ट्रक ड्राइवर मामूली रूप से घायल हुआ है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। कोतवाली श्रीनगर के प्रभारी सुनील रावत ने बताया कि चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ है। घटना में एक चालक को सामान्य चोटें आई है। बताया कि दोनों के बीच आपसी समझौता हो गया है।

## ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम में हुई शिफ्ट

पौड़ी(सं)। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के पदाधकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस से ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम जीआईसी में विधानसभावार शिफ्ट किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन ईवीएम मशीनों का विधानसभावार प्रथम रेंडमाइजेशन हुआ है, उन्हें शिफ्ट किया जा रहा है। ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिले की 6 विधानसभाओं का राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया था। इन मशीनों को सुरक्षा बलों की निगरानी में रविवार को विधानसभावार अलग–अलग स्ट्रांग रूम जीआईसी में रखा गया। वहीं स्ट्रांग रूम में ईवीएम शिफ्ट होने के बाद राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम को सील किया गया।

# लावारिश दही व पनीर को किया नष्ट

नई टिहरी(सं)। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने त्योहारी सीजन और लोकसभा चुनाव को देखते हुए रोडवेज की बस से 50 किलो पनीर और 50 किलो दही लावारिस बरामद की गई। दही और पनीर का सैंपल लेकर जांच के लैब भेजा गया। जिसके बाद लावारिस दही और पनीर को नष्ट करने का काम किया गया। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा देवी ने बताया कि रोडवेज की बस से मिलने वाले दही व पनीर का कोई भी बिल या मालिक सामने नहीं आया। रोडवेज में यह किसने रखा। इसकी भी जानकारी नहीं मिल पाई। जिसके चलते लोकसभा चुनाव के सेक्टर मजिस्ट्रेट व खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में दही और पनीर को मौके पर ही



नष्ट किया गया है। जिसकी वीडियो व फोटग्राफी भी की गई है।

# पांच न्याय गारंटी के साथ जनता के बीच जायेगी कांग्रेसः असवाल

श्रीनगर गढ़वाल(सं)। कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग के अध्यक्ष उत्तम असवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पांच न्याय 25 गारंटियों के साथ जनता के बीच जायेगी। कहा कि गारंटी में युवा, महिला, किसान, श्रमिक समेत दलित, ओबीसी और एससी–एसटी समुदाय के लोगों के मुद्दों का जिक्र किया गया है। रविवार को कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए असवाल ने कहा कि कांग्रेस इस बार युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय में 25 गारंटियों के साथ लोकसभा चुनाव लड़ेगी। कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं,




किसानों और नारी शक्ति का बड़ा अपमान हुआ है। साथ ही पेपर लीक होने और रोजगार के नाम पर युवाओं से छल किया जा रहा है।

कांग्रेस की सरकार बनाते ही 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी, किसानों के लिए एमएसपी को स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के तहत कानूनी दर्जा देने की गारंटी, कृषि ऋण माफी आयोग बनाने, नारी सम्मान में सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने, श्रमिकों को शहरी रोजगार गारंटी, सामाजिक सुरक्षा गारंटी, वन अधिकारों की संरक्षण की गारंटी दी गई है।

## गांवों का विकास करने में असफल डबल इंजन की सरकार : गोदियाल

पौड़ी(सं)। लोकसभा गढ़वाल से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार गांवों का विकास करने में असफल साबित हुई है। कहा कि गढ़वाल के समुचित विकास के साथ ही गांवों से बढ़ते पलायन का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी।

रविवार को धुमाकोट बाजार में हुई जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि गांवों से लगातार पलायन जारी है। आज युवाओं के पास कोई रोजगार नहीं है। स्वरोजगार के मजबूत साधन यहां नहीं है।

पलायन से गांव के गांव खाली होते जा रहे हैं। जो लोग गांवों में रह भी रहे है उनका पारंपरिक रोजगार, आर्थिक संसाधन खेती–बाड़ी, पशुपालन, बागवानी आदि खत्म होता जा रहा है। जंगली जानवरों के आतंक से गांवों के लोग परेशान हैं। कहा कि एक ओर ग्रामीण जीवन कठिन हो रहा है तो दूसरी ओर गांवों के विकास के लिए डबल इंजन सरकार कुछ नहीं कर पा रही है।

# पीठासीन व मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

नई टिहरी(सं)। जनपद टिहरी क्षेत्रान्तर्गत लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत नामित पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों का पांच दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम मयूर दीक्षित ने प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए कार्मिकों से कहा कि प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण भाग है। प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन बुकलेट का अध्ययन अच्छे से करें। कहा कि यह प्रथम प्रशिक्षण है और इसके बाद दो प्रशिक्षण और करवाये जायेंगे। शंकाओं का समाधान समय रहते कर लें। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सभी निर्वाचन के अधीन हैं, इस दौरान ईवीएम को सुरक्षित रखना, गाइड लाइन का अनुपालन करना और करवाना अहम जिम्मेदारियां हैं।

इस दौरान किसी का आतिथ्य स्वीकार न करें व निर्धारित स्थल पर ही ठहरना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही चुनाव को लेकर अपने अनुभव शेयर करते हुए पोलिंग पार्टियों की रवानगी, ईवीएम से छेड़छाड़ की स्थिति में कार्यवाही, शेडो एरिया में वायरलेस सेटअप से सम्पर्क किये जाने, मतदान केन्द्र परिसर में इलेक्ट्रानिक डिवाइस या संवेदनशील सामग्री को वर्जित रखना और मॉक पॉल आदि के बारे में जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, सरल, पारदर्शी और सफलतापूर्वक एवं धैयपूर्वक सम्पादित करवाने को कहा। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर डीपीआरओ एमएम खान, डीईओ वीके ढौंडियाल, मास्टर ट्रेनर दीपक रतूड़ी, राजेन्द्र बडोनी, देवेन्द्र भण्डारी, सुशील तिवारी आदि मौजूद रहे।

## 10 ग्राम स्मैक के साथ पुलिस ने दो पकड़े

नई टिहरी(सं)। चंबा पुलिस ने चुनाव को देखते हुए नागणी में चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक बाइक रोककर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान आरोपी दो युवकों में प्रदीप तोपवाल, गणेश चौक नई टिहरी थाना से 6.60 ग्राम अवैध स्मैक और अजय उर्फ राहुल, निवासी ग्राम कोटी मंगड़ा थाना घनसाली हाल निवासी ग्राम पैनुला से 4.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। दोनों आरोपियों से कुल 10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। मामले में थानाध्यक्ष चंबा लखपत बुटोला ने बताया कि पूछताछ में बताया कि दोनों स्मैक पीने के आदि हैं। पीने और कुछ बेचने के लिए स्मैक देहरादून से ला रहे थे। स्मैक की बाजार की कीमत तीन लाख रुपये लगभग है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट के तहत कार्रवाई कर आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। स्मैक की इस धरपकड़ के लिए एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने पुलिस टीम को ढाई हजार का इनाम देने की घोषणा भी की है। आरोपियों की पकड़ने में थाना चंबा एसओ एलएस बुटोला, एसआई अरविंद रतूड़ी, एसआई नवीन नौटियाल, मदन, राजेश, अनिल आदि की भूमिका अहम रही।

## सम्पादकीय

# भाजपा की आसान राह

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों के लिए भाजपा एवं कांग्रेस राष्ट्रीय दलों ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। यानी की अब यह स्पष्ट हो चुका है कि किस सीट पर कौन उम्मीदवार अपने विपक्षी को टक्कर देने के लिए मैदान में खड़ा मिलेगा? उत्तराखंड में पौड़ी, टिहरी, नैनीताल, अल्मोड़ा एवं हरिद्वार पांच लोकसभा सीट हैं। इन सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पांचों सीटों पर कब्जा जमाते हुए कांग्रेस को पूरी तरह से साफ कर दिया था। यही नहीं अन्य दूसरे दल भाजपा के साथ टक्कर लेने के आसपास भी नजर नहीं आए, हालांकि चुनाव में भाजपा की इस बड़ी जीत में मोदी के चेहरे को एक बड़ा कारण माना गया था और कहीं ना कहीं यह सत्य भी था। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने अपने दो सिटिंग सांसदों को टिकट नहीं दिए हैं जिनमें तीरथ सिंह रावत एवं डॉ रमेश पोखरियाल "निशंक" शामिल है। यह दोनों सांसद रहने के अलावा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भी रहे हैं लेकिन इस बार भाजपा केंद्रीय संगठन ने इन पर दांव खेलने की अपेक्षा पौड़ी से पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी एवं हरिद्वार से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने भी अपनी पांचो लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं जिनमें काफी माथापच्ची के बाद हरिद्वार सीट पर हरीश रावत के पुत्र को मैदान में उतर गया है जबकि पौड़ी में अनिल बलूनी को टक्कर देने के लिए कांग्रेस के कद्दावर नेता गणेश गोदियाल मैदान में है। सीटों की लड़ाई के परिपेक्ष में देखें तो सिर्फ एक पौड़ी सीट ही ऐसी है जिसमें भाजपा के लिए गणेश गोदियाल थोड़ी दिक्कत है पैदा कर सकते हैं। इसके पीछे उनका क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रहना प्रमुख भूमिका निभा सकता है। हरिद्वार में हरदा के पुत्र को टिकट मिलने के बाद अब यहां मुकाबला लगभग भाजपा के पक्ष में एकतरफा ही नजर आ रहा है विश्लेषक भी मानते हैं कि उत्तराखंड की पांचो सीटों में भारतीय जनता पार्टी अभी भी बेहद मजबूत स्थिति में है। भाजपा इस बार भी सभी पांचों सीटों पर अपनी जीतने का क्रम दोहराने का प्रयास करेगी और इसके लिए भाजपा को अधिक मेहनत करने की जरूरत पड़ेगी इसकी संभावनाएं कम ही नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत चेहरे के अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद भी पिछले कुछ दिनों में अपने सख्त फैसलों एवम नए विधेयक लाने की पहल करने के बाद अब एक पसंदीदा नेता के तौर पर पहचाने जाने लगे हैं। पिछले कुछ समय में कांग्रेस का प्रदर्शन लगातार बिगड़ता आया है और इस चुनाव के दौर में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने पार्टी को झटका देते हुए भाजपा का दामन थामा है। कांग्रेस जहां एक तरफ अपने संगठन को एकजुट रखने में संघर्ष कर रही है तो वहीं विजय क्रम को रोकने के लिए नाकों चने चबाने होंगे।

# तेलुगू देशम पार्टी फिर एनडीए में

आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोक सभा के चुनाव भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना पार्टी (जेएसपी) मिलकर लड़ेंगे ।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लगातार दूसरे दिन बैठक करने के उपरांत तीनों दलों ने संयुक्त बयान जारी करके इस बाबत जानकारी दी। इस प्रकार एनडीए परिवार में दो और दल शामिल हो गए हैं, और तीनों जल्द ही सीट शेयरिंग के तौर–तरीकों को लेकर बातचीत करेंगे। दरअसल, भाजपा दक्षिण भारत में ज्यादा से ज्यादा लोक सभा सीटें जीतने की रणनीति पर गहन मंथन करती रही है ।अपनी इसी रणनीति के तहत उसने आंध्र प्रदेश की एक बड़ी पार्टी तेदेपा और बनिस्बत एक छोटे दल को साथ लेकर बढने़ का फैसला किया है। वैसे, तेदेपा और भाजपा का रिश्ता कोई नया नहीं हैं, दोनों पार्टियों के बीच रिश्ता काफी पुराना है। तेदेपा राजग 1996 में शामिल हुई थी। अटलबिहारी वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकारों में सफलतापूर्वक काम कर चुकी है ।तेदेपा और भाजपा ने 2014 का लोक सभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ा था जबकि जनसेना पार्टी ने 2014 के आम चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था। जेएसपी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं, और इस पार्टी के राज्य के कुछ पॉकेट्स में प्रभाव माना जाता है। तेदेपा का राजग में शामिल होने को लेकर पहले से कोई संशय नहीं था, और माना जा रहा था कि तेदेपा का राजग में शामिल होने की घोषणा कुछ ही दिनों की बात है ।आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए उसके लिए जरूरी है कि वह राजग का हिस्सा बने ताकि वाईएसआर का मजबूती से मुकाबला कर सके। पता चला है कि तेदेपा लोक सभा की 17 सीटों और विधानसभा की 145 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा और जेएसपी लोक सभा की 8 सीटों और विधानसभा की 30 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं ।तेदेपा की कोशिश है कि भाजपा खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशव्यापी लोकप्रियता के सहारे न केवल लोक सभा की अपने हिस्से की सीटें जीत ले, बल्कि विधानसभा में भी अपनी कड़ी प्रतिद्वंद्वी वाईएसआर को शिकस्त देकर राज्य की सत्ता पर काबिज हो जाए।

# बददिमाग यात्रियों पर सख्ती जरूरी

पिछले लगभग ढ़ाई दशकों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जिस एक संसाधन से सबसे ज्यादा विकसित व संपन्न हुई है, वह है दिल्ली मेट्रो। अपनी शुरुआत से ही यह अपनी खूबियों की वजह से न सिर्फ लोकप्रिय हुई बल्कि बहुत सारे कीर्तिमान भी स्थापित किए।

आज मेट्रो का विस्तार न केवल दिल्ली वरन दिल्ली से लगे पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम,फरीदाबाद तक हो चुका है। दिल्ली मेट्रो आए दिन चर्चा का विषय बनती रहती है कभी रिकॉर्ड यात्रियों द्वारा मेट्रो में सफर के लिए तो कभी दिल्ली मेट्रो में यात्रियों द्वारा तरह–तरह की गतिविधियों के लिए। पिछले कुछ वषी में जब से रील कल्चर पापुलर हुआ है दिल्ली मेट्रो रील बनाने वालों का भी एक प्रमुख अड्डा बन गया है। सिंगिंग, डांसिंग से लेकर प्रैंक वीडियो तक दिल्ली मेट्रो में बिना परमिशन के शूट किए जाते रहे हैं और तमाम नियम–अधिनियम और कानूनों के बावजूद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इन्हें रोकने में असफल साबित हुआ है।



आए दिन दिल्ली मेट्रो में अश्लील हरकतें करते हुए कपल के वीडियो वायरल होते रहे हैं, तो कभी गाली–गलौज करते हुए कुछ यात्री। डीएमआरसी के अनुसार दिल्ली मेट्रो में प्रतिदिन लाखों यात्री सफर करते हैं ऐसे में सभी पर नजर रख पाना संभव नहीं है, इसलिए यात्रियों से अपील है कि अगर वे आस–पास किसी को अश्लील हरकत करते हुए देखते हैं तो तुरंत मेट्रो ट्रेन के कोच में लगे इमरजेंसी बटन को दबाकर ट्रेन ऑपरेटर को भी इसकी सूचना दे सकते हैं।

भारतीय दंड संहिता की धारा 294 कहती है कि व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर न तो अश्लील कार्य कर सकता है न ही कोई अश्लील गाने बजा सकता है न इस तरह की कोई हरकत कर सकता है, जिससे दूसरे लोग प्रभावित हों। ऐसा करते हुए पाए जाने पर उसको तीन महीने की सजा अथवा जुर्माना या फिर दोनो हो सकता है। हालांकि इस कानून में अश्लीलता को परिभाषित नहीं किया गया है, परंतु कोई भी ऐसा कार्य जिसे देखकर लोग असहज महसूस करें तो वह अश्लीलता की ही श्रेणी में आता है।

अश्लीलता को परिभाषित करना अपने आप में एक जटिल कार्य है, फिर भी सार्वजनिक जगहों पर नितांत निजी क्रियाओं को अश्लील कहा जा सकता है। दिल्ली मेट्रो अधिनियम की धारा 59 के तहत यह प्रावधान है कि कोई व्यक्ति अगर मेट्रो के अंदर किसी प्रकार की अभद्रता या अश्लीलता करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उसे मेट्रो से तुरंत उतारकर उस पर जुर्माने के रूप में 500 रु पए दंड का भी प्रावधान है। वैसे ये नियम तब लागू होता है जब व्यक्ति नशे की हालत में हो या उसने किसी के साथ अभद्रता की हो।

दिल्ली मेट्रो में आए दिन महिला सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं कभी महिला यात्रियों से छेड़–छाड़ तो कभी उनके साथ अभद्रता की खबरें आती रहीं हैं। इसको लेकर दिल्ली मेट्रो की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हां दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने रील बनाने जैसे कायरे को पूरी तरह प्रतिबंधित कर रखा है और ऐसा करते हुए पाए जाने पर उनके विरु द्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए हैं। फिर भी आए दिन चलती हुई मेट्रो में कभी तरह–तरह के स्टंट करते हुए युवा रील बना रहे हैं तो कभी अन्य सहयात्रियों की असुविधा का ध्यान रखे बिना प्रेम या चुंबन जैसे निजी क्रिया को सार्वजनिक दिखावा करते हुए पाए जा रहे हैं। ऐसा कई बार इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के लिए भी किया जाता है।

अभी पिछले दिनों दो महिलाओं की मेट्रो में हुई लड़ाई का वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें दोनों एक–दूसरे को भद्दी–भद्दी गालियां दे रही हैं। क्या इस तरह की घटनाओं से बाकी सहयात्री प्रभावित नहीं होते? क्या बच्चों/युवाओं पर ऐसी घटना का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता? आए दिन मेट्रो में चोरी की घटनाएं हो रही हैं, ग्रुप बनाकर चोरी करने वाले गिरोह (महिला/पुरु ष दोनों) ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, पर इसे भी दुर्भाग्य से रोका नहीं जा पा रहा। क्या डीएमआरसी को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाय नहीं करना चाहिए?

क्या ऐसे लोगों की आगे कुछ समय के लिए मेट्रो की यात्रा करने पर रोक नहीं लगा देना चाहिए? हवाई यात्राओं में कोई यात्री दु०?यवहार करता पाया जाता है और ऐसा बार–बार करता है तो उसको जैसे भविष्य में कुछ माह/साल के लिए यात्रा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता है वैसे ही मेट्रो की यात्रा के लिए भी किया जाना वक्त की मांग है। ऐसे कृत्य के लिए फिलहाल दंड या जुर्माने का प्रावधान नाकाफी है। यात्रियों की बेहतरी, सुरक्षा और निजता की रक्षा के लिए डीएमआरसी को अपने प्रावधानों में बदलाव करना चाहिए। निश्चित तौर पर इन सुधारों से दिल्ली मेट्रो दुनिया की सबसे बड़ी लाइन, सर्वाधिक यात्रियों के साथ सबसे बेहतर और सुरक्षित सुविधा वाली सेवा साबित होगी।

# मौसम की मार से त्रस्त जनजीवन

**सुरेश भाई**



इस जनवरी–फरवरी के 45 दिनों में जिस तरह से कंपकंपाती शीत और पहाड़ों पर बर्फ पडऩी चाहिए थी, वह नहीं दिखाई दी। शीतकाल में ही मार्च से शुरू होने वाली गर्मी जैसा महसूस होने लगा था।

14 फरवरी को बसंत पंचमी तक भी पूरी तरह से पतझड़ नहीं हो पाया था क्योंकि उस समय तक शीत लहर के साथ बारिश और बर्फ के अभाव में सूखे पत्ते पूरी तरह से धरती पर नहीं गिर सके और लंबे समय तक पतझड़ वाले पेड़ सूखी पत्तियों को ही ओढ़े रहे क्योंकि नमीयुक्त शीत लहर जब चलती है तो पतझड़ वाले पेड़ों से सूखी पत्तियां झडक़र जमीन पर गिरती हैं। मौसम की इस बेरुखी से चारों तरफ सूखा ही सूखा दिखाई दे रहा है। शीतकाल में हिमालय क्षेत्र में साढ़े 4 हजार से लेकर 10 हजार फीट के बीच में जो बर्फ पडऩी चाहिए थी, वह इस बार गायब रही।

पर्वतीय क्षेत्रों और तराई वाले कृषि क्षेत्र में जहां सरसों के पीले–पीले फूल खेतों में लहलहाते दिखाई देते थे वे भी पहले के जैसे नहीं दिखाई दे रहे। गेहूं और मटर की फसल पानी की कमी के कारण पूरी तरह नहीं उग पाई।

उंचाई के इलाकों में सेब की फसल भी संकट में पड़ गई है क्योंकि जहां सेब होता है वहां पर शीतकाल में जब बर्फ और बारिश पड़ती है, तभी फसल अच्छी होती है। इस शीतकाल में बारिश की कमी के कारण जंगलों में आग फैलती रही है जो 15 फरवरी के बाद भारी बारिश और बर्फबारी होने पर ही बुझ पाई। बेमौसमी बारिश ने फिर से मौसम परिवर्तन के बड़े संकेत दे दिए हैं क्योंकि इस दौरान मार्च के प्रथम सप्ताह तक बढ़ती ठंड और बारिश के साथ पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी के कहर ने जम्मू, उत्तर प्रदेश, हरियाणा में 12 लोगों की भी जान ले ली है जबकि इस समय किसानों की बोई फसल को तेज बारिश की आवश्यकता नहीं है। लेकिन यहां तो इतनी तेज बारिश हुई कि हिमाचल में हिमस्खलन के कारण चिनाब नदी का बहाव रुका रहा। उत्तराखंड में चारधाम की सडक़ों पर वारिश और बर्फवारी का दौर जारी है। बरसात के जैसे मौसम में यहां 500 स्थानों पर सडक़ें बंद रहीं।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से लद्दाख, कश्मीर में भी बारिश और बर्फबारी हुई है। बिहार, सिक्किम में तूफान के साथ ओलावृष्टि हुई है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा में अलग–अलग स्थानों पर बेमौसमी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण हिमाचल के किन्नौर और जम्मू कश्मीर के रामबन में 300 से ज्यादा पर्यटक फंसे रहे जबकि ऐसी स्थिति बरसात में देखी जाती थी। बताया जा रहा है कि मार्च में सामान्य से अधिक वष्रा यानी 117 प्रतिशत से अधिक हो सकती है। मौसम विभाग की चेतावनी है कि इस दौरान दक्षिणी प्रायद्वीप के सुदूर दक्षिण पूर्वी क्षेत्रों, पूर्वोत्तर और उत्तर–पश्चिम भारत में सामान्य से कम वर्ष होने की संभावना है जिसके कारण तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा में लंबी अवधि तक लू चलने का पूर्वानुमान है।

यह स्थिति मार्च–मई के बीच में अधिक रह सकती है। यहां पर ग्रीष्मकाल की शुरुआत से ही गर्मी तेजी से बढ़ जाएगी। इसलिए अल नीनो (मध्य प्रशांत महासागर में समुद्री जल के नियमित अंतराल पर गर्म होने की स्थिति) गर्मी के पूरे मौसम में बना रहेगा। इसके बाद भी अच्छी मानसूनी वर्ष के अनुमान हैं। यदि गर्मी और सर्दी की लंबी अवधि चलती रहेगी तो वैज्ञानिकों की वह बात सच हो जाएगी कि 2100 तक पानी ढूंढने पर भी नहीं मिलेगा। शोधकर्ताओं ने कहा है कि तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा तो हिमालय का 90 फीसद क्षेत्र साल भर में सुखे रहेंगे। मौसम में तेज गति के बदलाव के कारण 'परागण' प्रक्रिया पर भी असर पड़ेगा। तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से भी भारत में खेती की जमीन पर सूखे का खतरा 31 फीसद के बीच घट सकता है और 50 फीसद जैव विविधता के लिए आश्रय के रूप कार्य करने में मदद मिल सकती है। इसके बावजूद सूखा, बाढ़, फसल की पैदावार में गिरावट के साथ प्राकृतिक आपदाओं के खतरे बढ़ सकते हैं। हमारी हर विकास योजना में मौसम की मार का सामना करने के लिए पूरी तैयारी होनी चाहिए।

जलवायु अनुकूल प्लान गांव से लेकर शहर तक बनाना होगा। विकास कार्यों में इस बात का ध्यान रखा जाए कि हर तरह की गतिविधि चलाते समय पानी को अधिक से अधिक संरक्षित करके संतुलित उपयोग के तरीकों का पालन किया जाए। प्राकृतिक संसाधनों से चलने वाली आजीविका को नष्ट होने से बचाया जाए। छोटे और सीमांत किसानों के लिए भूमि वितरण की व्यवस्था हो ताकि खेती का दायरा बढ़ाया जा सके। समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में बदलते मौसम और जलवायु के संकट से बचना मुश्किल होगा।

## त्यौहार पर मातम : सडक़ हादसे में दो की मौत

**सिवनी (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहनों के कारण आये दिन सडक़ हादसे हो रहे हैं। सडक़ हादसे में असमय लोगों की मौतें भी हो रही है। ताजा मामला सिवनी जिले का है जहां सडक़ हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल है। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

सिवनी बालाघाट रोड पर बरघाट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार से जा रही सूत्र सेवा की बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। इस सडक़ हादसे में आलोक ठाकरे उम्र 21 साल निवासी धारना कला, राहुल पटले उम्र 18 साल मानेगांव की मौत हो गई है, वहीं महेंद्र बघेल निवासी मानेगांव घायल हुआ है, जिसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और घयाल को अस्पताल और शवों को पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पूर्व वायुसेना चीफ आरकेएस भदौरिया बीजेपी में शामिल, यहां से लड़ सकते हैं लोकसभा का चुनाव

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** पूर्व वायुसेना चीफ आरकेएस भदौरिया बीजेपी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की उपस्थिति में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। खबर है कि बीजेपी उन्हें यूपी के गाजियाबाद से लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बना सकती है। भदौरिया के साथ पूर्व सांसद तिरुपति श्री वाराप्रसाद राव ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

आरकेएस भदौरिया 30 सितंबर 2019 से 30 सितंबर 2021 तक वायुसेना प्रमुख के पद पर रहे। वह देश के 23वें वायुसेना प्रमुख थे। भदौरिया मूल रूप से आगरा जिले की बाह तहसील के रहने वाले हैं। इनके साथ ही वाईएसआर कांग्रेस के नेता वारा प्रसाद राव(रिटायर्ड आईएएस) भी बीजेपी में शामिल हुए।

बता दें कि भाजपा अब तक 291 प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। जल्द ही वह पांचवीं लिस्ट भी जारी कर सकती है। उत्तर प्रदेश में अब तक 51 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। बाकी बची सीटों पर इस बार की लिस्ट में प्रत्याशियों का ऐलान हो सकता है। इस लिस्ट में गाजियाबाद और पीलीभीत की सीट पर भी प्रत्याशियों के नाम क्लियर हो सकते हैं।

## मेरे बच्चों को क्यों मारा गया'हत्या का मकसद पता नहीं चलने से आहत पिता ने की खुदकुशी की कोशिश

**बदायूं ,(एजेंसी)।** बदायूं में मृतक नाबालिग बच्चों के पिता विनोद कुमार ने रविवार को आत्मदाह की कोशिश की। 19 मार्च को नाई (हज्जाम) साजिद ने विनोद कुमार के दो नाबालिग बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। आत्महत्या की कोशिश कर रहे विनोद कुमार को पुलिस ने समय रहते बचा लिया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, विनोद कुमार ने कहा कि वह परेशान हैं क्योंकि पुलिस उनके बेटों की हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा, मुझे आरोपी के एनकाउंटर या दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी से कोई मतलब नहीं है। मैं बस यह जानना चाहता हूं कि मेरे बच्चों को क्यों मारा गया।पुलिस विनोद कुमार को समझाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने मुख्य आरोपी साजिद को मंगलवार को घटना के दो घंटे के भीतर एनकाउंटर में मार गिराया था।

## पंजाब पुलिस ने अवैध शराब और ड्रग तस्करी के खिलाफ चलाया ऑपरेशन कासो

**चंडीगढ़ ,(एजेंसी)।** देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस हाई अलर्ट पर है। अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए पुलिस लगातार तलाशी अभियान चला रही है। इस बीच पठानकोट पुलिस ने हिमाचल की ओर से अवैध शराब व ड्रग तस्करी की शिकायतों के बाद 'ऑपरेशन कासो' चलाया। इसके तहत पुलिस ने पंजाब हिमाचल सीमा पर पड़ते और अन्य इलाकों में तलाशी अभियान चलाया।

# हिंद महासागर की प्रहरी बनी भारतीय नौसेना, समुद्री डकैतों से 100 दिन में बचाई 110 जिंदगियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना समुद्री क्षेत्र विशेष रूप से हिंद महासागर को सभी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नेवी चीफ एडमिरल आर हरिकुमार ने शनिवार को यह बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पिछले 100 दिन में ऑपरेशन संकल्प के तहत विभिन्न अभियानों में समुद्री डकैतों से 110 लोगों की जान बचाई है। 15 लाख टन से अधिक सामान को समुद्र के रास्ते उसके गंतव्य पर सुरक्षित पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एडमिरल कुमार ने समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन संकल्प' के 100 दिन पूरे होने के मौके पर यह बात कही। आर हरिकुमार ने कहा कि समुद्री क्षेत्र को सुरक्षित रखना हमारा प्रमुख दायित्व है और नौसेना इसके लिए हर तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि नौसेना के 35 युद्धपोत, 5 टोही विमान और हेलिकॉप्टर हिंद महासागर से लेकर अदन की खाड़ी, उसके आसपास के क्षेत्रों, अरब सागर और सोमालिया के पूर्वी तट तक समुद्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।



इसके अलावा नौसेना की 11 पनडुब्बी भी अपने मिशन पर रहती हैं। इन अभियानों में पांच हजार से अधिक नौसैनिकों की भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वैसे तो नौसेना का ऑपरेशन संकल्प 2019 से चलाया जा रहा है लेकिन पिछले वर्ष इजरायल और हमास के बीच संघर्ष के बाद से समुद्री डकैती, जहाजों के अपहरण, मिसाइल और ड्रोन हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि इसे देखते हुए नौसेना ने गत 14 दिसंबर को ऑपरेशन संकल्प का दायरा और शक्ति को बढ़ाया। साथ ही इस चुनौती का डटकर मुकाबला करते हुए समुद्र की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को इस ऑपरेशन के 100 दिन पूरे हो गए हैं। इसका मूल उद्देश्य हिंद महासागर को पूरी तरह सुरक्षित बनाना है और यह हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि यह क्षेत्र हमारे देश के नाम से जुड़ा है। इसे सुरक्षित रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान नौसेना ने 18 घटनाओं में कार्रवाई की और हिंद महासागर क्षेत्र में फर्स्ट रेस्पांडर और पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नेवी चीफ ने कहा कि इस ऑपरेशन का महत्त्वपूर्ण उद्देश्य भारत में आने वाली आयात की वस्तुओं और निर्यात की जाने वाली वस्तुओं के लिए सुरक्षित समुद्र मार्ग उपलब्ध कराना भी है। समुद्र के रास्ते मुख्य रूप से उर्वरक, कच्चे तेल और अन्य जरूरी वस्तुओं का आवागमन होता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में हर समय विभिन्न देशों और एजेंसियों के 50 से अधिक पोत तैनात रहते हैं। मगर, भारत सबसे पहले कार्रवाई कर मदद करने की कोशिश करता है और इस मामले में उसकी अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में समय-समय पर जरूरत पडऩे पर वायु सेना की भी मदद ली जा रही है।

## केजरीवाल को ईडी की कस्टडी में पानी और सीवर की याद आई : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसने दिल्ली को रूलाया, वो जेल में है। साथ ही उन्होंने कहा कि केजरीवाल को 9 साल बाद खराब सीवर की याद आई है। जनता का विश्वास केजरीवाल ने खो दिया है। मनोज तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो संदेश जारी करते हुए लिखा, दिल्ली में पानी और सीवर गड़बड़ है, यह अरविंद केजरीवाल को 9 साल बाद ईडी की कस्टडी में जाकर याद आया है, गजबे है!!

भाजपा सांसद ने वीडियो में कहा कि ईडी की कस्टडी में एक मुजरिम और उसका संदर्भ लेकर एक कहानी रची गई। दिल्ली में पानी और सीवर गड़बड़ है और ये व्यवस्थित नहीं है। यह तब हुआ जब उनकी (अरविंद केजरीवाल) गिरफ्तारी पर दिल्ली का कोई भी व्यक्ति उनके समर्थन में आना तो छोड़िए, दुख भी नहीं जता रहा है। दिल्ली के लोग उनकी गिरफ्तारी पर खुशी मना रहे हैं और मिठाईयां बांटी जा रही हैं, पटाखे फोड़े जा रहे हैं। जिसने दिल्ली को रूलाया वो जेल में गया। क्योंकि आज दिल्ली की स्थिति अगर जाननी है तो आप गलियों में जाकर देखें। नालियों की स्थिति, गलियों का पानी सडक़ और घरों में प्रवेश कर रहा है। घरों के नल से पीने का गंदा पानी मिल रहा है। ये तब समझ में आता है जब आप जेल में जाते हैं।केजरीवाल पर निशाना साधते हुए मनोज तिवारी ने आगे कहा कि आपको 9 साल बाद पता चला है कि दिल्ली का पानी और सीवर गड़बड़ है। अभी आपको याद आएगा बुर्जुगों को पेंशन न देने की हाय क्या होती है, अभी आपको याद आएगा कि गरीब का राशन कार्ड न बनाने की हाय क्या होती है, ये सब समझ आएगा वो भी 9 साल के बाद।

# घर में आग लगने से झुलसकर चार बच्चों की मौत, मोबाइल के बैट्री फटने से हुआ हादसा

**मेरठ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में किराए के मकान में रहने वाले एक मजदूर के घर में मोबाइल की बैट्री फटने से लगी आग में झुलसकर उसके चार बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के सिखेड़ा निवासी 41 वर्षीय जॉनी मजदूरी करता है और यहां मोदीपुरम क्षेत्र की जनता कॉलोनी में किराये के मकान में रहता है। जहां उसकी पत्नी बबीता(37) और चार बच्चों सारिका (10), निहारिका (08), गोलू (06) और कल्लू (05) साथ रहते थे।

शनिवार रात मोबाइल चार्ज करने की कोशिश के दौरान शार्ट सर्किट से विस्फोट के साथ आग लग गई। आग में घिरे बच्चों की चीख पुकार सुनकर जॉनी और बबीता उन्हें बचाने दौड़े। बच्चों को बुरी तरह झुलसी हालत में कमरे से निकालने के दौरान पति पत्नी भी झुलस गये। सभी को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां चारों बच्चों ने दम तोड़ दिया।



पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी में बच्चे और दंपती बुरी तरह से झुलस गए थे जिनमें चारों बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि बबीता को गंभीर हालत में दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।

## टीकमगढ़ में बड़ा हादसा : नदी में नहाने गए दो सगे भाइयों की डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

**टीकमगढ़ (एजेंसी)।** होली से एक दिन पहले टीकमगढ़ में बड़ा हादसा हो गया। नदी में नहाने गए दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसे के दौरान मृतकों के परिजन खेत में कटाई कर रहे थे। इस हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है। पूरा मामला जतारा थाना क्षेत्र का है।

तेज रफ्तार कार ने साइकिल को मारी टक्करः 10 फीट हवा में उछला युवक, मौके पर तोड़ा दम, सीसीटीवी कैदजानकारी के मुताबिक लार खुर्द नदी में दो सगे भाई नहाने के लिए गए हुए थे।

## सिमरन गुप्ता को साइंस इंटरमीडिएट में दूसरे स्थान आने पर राकेश सिंह ने अंग वस्त्र देकर बधाई दिया

**सोनपुर , (एजेंसी)।** दरियापुर प्रखंड के दरियापुर बाजार निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता की छोटी पुत्री सिमरन गुप्ता को बिहार इंटरमीडिएट एग्जाम मे पूरे बिहार मे साइंस मे दूसरा स्थान 477 अंक लाने पर भजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह राजीव प्रताप रूडी के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने उनके घर पहुंच कर मिठाई बच्चे और उनके माता पिता को भी अंग वस्त्र और मिठाई खिलाकर बधाई दिया । उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दिया और उनके शिक्षक उमेश कुमार जी को भी अच्छी शिक्षा देने के लिए बधाई इस अवसर पर पिता धर्मेन्द्र गुप्ता माता ममता देवी उनके नाना दिनेश प्रसाद भाजपा नेता धनजय चौबे सत्यन्दर शाह माता अजय पूरी बिनोद गिरी सनी सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे ज्ञात हो की सिमरन गुप्ता दरियापुर यमुनाचारी हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज की छात्रा है यह दो बहन और एक भाई है यह सबसे छोटी है और यह मैट्रिक परीक्षा मे भी बिहार मे नाम की थी और इस बार भी रिजल्ट बहुत अच्छी रही और राज्य मे दूसरा स्थान आया । इस दौरान सांसद राजीव प्रताप रूडी जी ने भी दूरभाष पर बात कर बधाई और उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दिया

# सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में इंडिया एकजुट, 31 को रामलीला मैदान में प्रदर्शन का ऐलान

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में विपक्षी गठजोड़ इंडिया एकजुट हो गया है। इंडिया ने अब 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में विशाल प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। विपक्ष इस कार्यक्रम के जरिए बीजेपी और पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन करना चाहेगा।

दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और लेफ्ट नेताओं ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अपना विरोध जताया। गोपाल राय ने कहा कि 31 मार्च की रैली रामलीला मैदान में आयोजित की जाएगी। इसके लिए पुलिस व प्रशासन से अनुमति ली जाएगी। यह रैली रविवार 31 मार्च सुबह 10 बजे बुलाई गई है। गोपाल राय ने कहा कि जिस कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है उसमें आज तक कोई मनी ट्रेल सीबीआई या ईडी नहीं ढूंढ पाई है। राय ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के खाते सीज कर दिए गए। आज कांग्रेस पार्टी चुनाव प्रचार के लिए अपने ही खातों के पैसों का इस्तेमाल नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इतनी पुरानी पार्टी का खाता सीज हो सकता है तो इनको चंदा देने वाले व्यापारियों का खाता भी सीज किया जा सकता है। लोगों की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है।वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि हम देश में लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में अपने गठबंधन के सभी साथियों के साथ मजबूती से खड़े हैं। लवली ने कहा कि चुनाव में सभी को समान अवसर नहीं मिल रहे। चुनाव जीतने के लिए चुने हुए मुख्यमंत्रियों, चाहे वह हेमंत सोरेन हों या अरविंद केजरीवाल, उनको गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने सत्ता पक्ष से प्रश्न करते हुए कहा कि आप किस तरह का लोकतंत्र देश में स्थापित करना चाहते हैं।लवली ने कहा कि 31 तारीख को होने वाली रैली में गठबंधन के सभी शीर्ष नेता होंगे। यह रैली कोई राजनीतिक रैली नहीं होगी, बल्कि यह देश में लोकतंत्र को बचाने का एक कदम है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के अलावा सभी सामाजिक संगठनों, आरडब्लूए व सिविल सोसाइटी के लोगों से इस रैली में पहुंचने का अनुरोध किया। वहीं लेफ्ट ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया है।

# राजस्थान रॉयल्स को मिली पहली जीत, लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 रन से हराया



**जयपुर, एजेंसी।** कप्तान संजू सैमसन की नाबाद 82 रनों की अर्धशतकीय और रियान पराग के 43 रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रविवार को खेले गये चौथे मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 रन से हरा दिया है। 194 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट क्विंटन डिकॉक चार रन, देवदत्त पड्क्किल शून्य और आयुष बदोनी एक रन के विकेट गंवा दिये। हालांकि सलामी बल्लेबाज कप्तान के एल राहुल एक छोर थामे रहे। उन्होंने 44 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। दीपक हुड्डा 13 गेंदों में 26 रन और मार्कस स्टॉयनिस तीन रन बनाकर आउट हुये। निकोलस पूरन आखिर तक टीके रहे उन्होंने 41 गेंदों में चार चौके और चार छक्के की मदद से नाबाद 64 रनों की पारी खेली। क्रुणाल पंड्या तीन रन पर नाबाद रहे। लखनऊ की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन ही बना सकी और मुकाबला 20 रन से हार गई। आरआर की ओर से ट्रेंट बोल्ट को दो विकेट मिले। नांद्रे बर्गर, रवि अश्विन, युजवेंद्र चहल और संदीप शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 194 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज जॉस बटलर 11 रन का विकेट खो दिया। उसके बाद यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने संभलकर खेलते हुए अभी दूसरे विकेट के लिये 36 रन ही जोड़े थे कि मोहसिन खान ने उन्हें 24 रन पर क्रुणाल पंड्या के हाथों कैच आउट करा दिया। 15वें ओवर में नवीन उल हक ने डी जे हुड्डा के हाथों रियान पराग को कैच आउट कराकर उनकी संजू सैमसन के साथ चल रही साझेदारी को तोड़ा। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 93 रन जोड़े। रियान पराग ने 29 गेंदों में एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 43 रन बनाये। अगले ही ओवर में बिश्नोई ने शिमरॉन हेटमायर पांच रन पर निपटा दिया। संजू सैमसन ने 52 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद 82 रनों की पारी खेली। वहीं ध्रुव जुरेल 20 रन पर नाबाद रहे। आरआर ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 193 रन का स्कोर खड़ा किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से नवीन उल हक को दो विकेट मिले। मोहसिन खान और रवि बिश्नोई ने एक-एक विकेट लिया।

# गुजरात और मुंबई की टक्कर, मैदान पर कमबैक करने के लिए तैयार हार्दिक

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात टाइटंस रविवार को आईपीएल 2024 के अपने शुरुआती मुकाबले में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की मेजबानी करेगी। एक तरफ युवा बल्लेबाज शुभमन गिल पहली बार आईपीएल में कप्तानी करेंगे जबकि हार्दिक पांड्या बतौर कप्तान मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं टूर्नामेंट में दोनों टीमें चार बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं। गुजरात ने दो बार जीत हासिल की है, जबकि मुंबई भी दो मौकों पर विजयी रही है। दोनों टीमों के बीच हुए आखिरी मैच में जीटी ने मुंबई को 62 रन से हराया।गुजरात और मुंबई के बीच मैच रविवार को शाम 7:30 बजे शुरू होगा और टॉस 7:00 बजे होगा। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारत में टेलीविजन पर जीटी बनाम एमआई मैच का लाइव टेलीकास्ट स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा जबकि लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर उपलब्ध होगी।

**पिच की स्थिति:** पिच से पर्याप्त उछाल मिलने की उम्मीद है। इस मुकाबले में ओस की ज्यादा भूमिका नहीं होगी।

**टीमें:** गुजरात टाइटंसः शुभमन गिल (कप्तान), ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, डेविड मिलर, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, उमेश यादव, नूर अहमद, केन विलियमसन, मैथ्यू वेड, जयंत यादव, संदीप वारियर, शाहरुख खान, अभिनव मनोहर, शरत बीआर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, दर्शन नालकंडे, कार्तिक त्यागी, स्पेंसर जॉनसन, अजमतुल्लाह उमरजई, सुशांत मिश्रा

मुंबई इंडियंसः रोहित शर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), टिम डेविड, नेहल वढेरा, मोहम्मद नबी, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ज़ी, जसप्रीत बुमराह, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस गोपाल, विष्णु विनोद, शम्स मुलानी, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, कुमार कार्तिकेय, शिवालिक शर्मा, अंशुल कंबोज, आकाश मधवाल, नुवान तुषारा, डेवाल्ड ब्रेविस, क्वेना मफाका, नमन धीर

# अल्काराज़, सिनर, मेदवेदेव शुरुआती मैच जीते, सितसिपास हारे

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** कालोस अल्काराज़ ने साथी स्पेनिश रॉबर्टो कारबालेस बेना के 31वें जन्मदिन का जश्न 6-2, 6-1 से मुकाबला जीतकर खराब कर दिया। अल्काराज़ सात मैचों की जीत की लय में है, और उसे पिछले 11 मैचों में किसी स्पैनियार्ड ने नहीं हराया है - ऐसा करने वाला आखिरी खिलाड़ी 2022 इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में राफेल नडाल थे। 20 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला अनुभवी फ्रांसीसी खिलाड़ी गाएल मोंफिल्स से होगा, जिन्होंने फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (3-7), 6-1, 6-2 से हराया। स्पैनियार्ड मियामी में आश्वस्त है, जहां उसने अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था। अल्काराज़ अब टूर्नामेंट में 11-2 से आगे है। इससे पहले, दुनिया के तीसरे नंबर के इटालियन जानिक सिनर को मियामी ओपन में शुरुआती जीत हासिल करने के मौके के लिए रात भर इंतजार करना पड़ा था। दूसरे वरीय ने सुनिश्चित किया कि शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में इंतजार करना सार्थक रहा, जहां उन्होंने अपने ही देश के एंड्रिया वावसोरी को 6-3, 6-4 से हराया। इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्काराज़ द्वारा 2024 सीजन् में अपनी 16-जीत की शुरुआत को तोडने् के बाद मियामी पहुंचने पर, सिनर ने तीसरे दौर में पहुंचने के लिए अपने देश के खिलाड़ी के खिलाफ 80 मिनट में जीत पूरी की। मैच शुक्रवार को वावसोरी के 2-3, 40/40 पर सर्विस करने के समय निलंबित कर दिया गया था और सिनर ने 4-2 की बढ़त के साथ फिर से शुरू होने पर तुरंत अपनी चाल चली। इटालियन के अगले प्रतिद्वंद्वी नीदरलैंड के टैलोन ग्रिक्सपुर हैं,जिसे उन्होंने पिछले तीनों मुकाबलों में हराया है। इस बीच, दानिल मेदवेदेव ने ग्रैंडस्टैंड पर हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को 1 घंटे और 19 मिनट में 6-4, 6-2 से हराकर अपने खिताब की रक्षा में मजबूत शुरुआत की। यह मैच शुक्रवार को स्टेडियम कोर्ट पर फीचर नाइट मैच के रूप में निर्धारित किया गया था लेकिन बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। लेकिन दोपहर की स्थिति और ग्रैंडस्टैंड कोर्ट में स्विच करने से वर्ल्ड नंबर 4 के लिए कोई बाधा नहीं आई, उसने अपने पहले सर्व पॉइंट में से 81 फीसदी अंक जीते थे। मेदवेदेव अपने करियर में पहली बार किसी खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने का प्रयास कर रहे हैं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 20 अलग-अलग खिताब जीते हैं, जिनमें 18 हार्ड कोर्ट पर शामिल हैं। उनका अगला मुकाबला 30वें नंबर के कैमरून नोरी से होगा, जिन्होंने 21 वर्षीय इतालवी फ्लेवियो कोबोली को 7-5, 6-7(4), 6-2 से हराया।

नंबर 10 सीड ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 2-6, 4-6 से हरा दिया। यह पहली बार है कि ग्रीक ने चौथे दौर से पहले मियामी छोड़ दिया है - उनकी सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति 2021 में थी जब वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। आगे बढ़ने वाले अन्य पुरुष वरीय नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव थे, जिन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-2, 6-4 से हराया; पोलिश ह्यूबर्ट हर्काज़, नंबर 8 वरीयता प्राप्त और 2021 मियामी ओपन चैंपियन, जिन्होंने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेंको को 6-4, 6-7(2), 6-3 से हराया; और नॉर्वेजियन कैस्पर रूड, नंबर 7 सीड, ने फ्रांस के लुका वैन एश को 7-6(5), 1-6, 6-1 से हराया।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने होली पर्व के इंतजामों की समीक्षा की

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज दिल्ली में होली पर्व के इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि होली पर्व को देखते हुये लगभग पांच लाख अतिरिक्त बर्थ की व्यवस्था की गई। चौधुरी ने कहा कि इस वर्ष रेलवे द्वारा 75 जोड़ी रेलगाड़ियों के 354 फेरे अधिसूचित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 179 अधिक हैं। उन्होने कहा कि इन 354 फेरों में 243 फेरे पूर्व दिशा की ओर जाने वाली जबकि 111 फेरे अन्य दिशाओं में जाने वाली रेलगाड़ियों के हैं। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे यात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की निगरानी करे और यह सुनिश्चित करें की सभी रेलगाड़ियां समय पर चले।

सर्कुलेटिंग एरिया में भीड़ को रोकने के लिए, अजमेरी गेट नई दिल्ली (कवर एरिया 4500 वर्ग फीट लगभग) और आनंद विहार टर्मिनल (2500 वर्ग फीट लगभग) रेलवे स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया का गठन किया गया है। प्लेटफार्मों पर भीड़ को कम करने के लिए प्रस्थान प्रतीक्षा क्षेत्र, कवर टेंट, लाइटिंग, पंखे, वॉटर बूथ, पोर्टेबल टॉयलेट ब्लॉक, फूड स्टॉल, पी.ए. सिस्टम, बुकिंग काउंटर आदि की सुविधाएं है।त्योहार की अवधि के दौरान ट्रेनों की पूछताछ प्रणाली और घोषणा प्रणाली की निगरानी की जा रही है और सभी स्पेशल ट्रेनों की स्थिति पर पी.आर.एस. प्रणाली को अपडेट किया गया है। उपयोगकर्ताओं की जानकारी के लिए विशेष ट्रेनों की शुरुआत, बढ़ोतरी आदि के बारे में नियमित और लगातार घोषणाएं की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि व्यस्त समय के दौरान सभी बुकिंग और पूछताछ काउंटरों पर कर्मचारी तैनात रहें। यात्रियों की सुविधा के लिए जहां भी आवश्यक होगा वहां आरक्षण के लिए अतिरिक्त काउंटर खोले जाएंगे। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बुकिंग काउंटर खोले जायेंगे।दलालों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए आरक्षण कार्यालयों में वाणिज्य/सतर्कता निरीक्षकों और आर.पी.एफ./पुलिस कर्मचारियों की टीम को तैनात किया गया है। स्टेशनों और ट्रेनों में साफ-सफाई, पर्याप्त पेयजल, रोशनी वाले साइनेज और स्वच्छ और उचित प्रतीक्षालय आदि जैसी बेहतर और उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे है। अतिरिक्त टिकट जांच कर्मचारी आरक्षित कोचों की निगरानी कर रहे हैं और आरक्षित कोचों में यात्रा करने वाले यात्रियों के निर्धारित आई.डी. प्रमाणों की उचित/गहन जांच कर रहे हैं।

रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा कर्मियों के अलावा पर्याप्त संख्या में स्काउट और गाइड और नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेंगे। वे प्लेटफॉर्म और फुटओवर ब्रिज पर यात्रियों की भीड़ का प्रबंधन भी करेंगे।

आगामी होली की भीड़ के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाओं को रोकने और ट्रेनों के सुचारू संचालन के लिए सभी संबंधित रेलवे विभागों, जी.आर.पी., सिविल पुलिस के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। आर.पी.एफ. खुफिया इकाइयां संबंधित राज्य और केंद्रीय खुफिया विभाग के साथ नियमित संपर्क में हैं। एजेंसी वास्तविक समय के आधार पर विश्वसनीय इनपुट एकत्र करेगी। महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों में एस्कॉर्ट किया जा रहा है और एस्कॉर्ट स्टाफ की सतर्कता बनाए रखने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इन ट्रेनों में औचक निरीक्षण किया जा रहा है 7 खोजी कुत्तों के साथ तोड़फोड़ रोधी जांच और जी.आर.पी./सिविल पुलिस के साथ संयुक्त जांच की जा रही है। ट्रेनों/यात्रियों पर गुब्बारे/रंग/पत्थर/अन्य सामान आदि न फेंकने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से आयोजित किए जा रहे हैं। 20.03.2024 से 25.03.2024 तक दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशन जैसेः नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल और हज़रत निज़ामुद्दीन पर ड्यूटी अधिकारी तैनात किए गए हैं।

## स्विस ओपन 2024 : सेमीफाइनल में हारे किदांबी श्रीकांत, भारतीय अभियान हुआ समाप्त

**बेसिल, एजेंसी।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को स्विस ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। शनिवार को भारतीय शटलर श्रीकांत को एक घंटे और पांच मिनट तक चले मुकाबले में ताइवान के लिन चुन-यी से 21-15, 9-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत मैच की शुरुआत में बढ़त हासिल की और इसे 11-5 तक आगे बढ़ाया और पहले गेम को 21-15 से अपने नाम किया।

दूसरे गेम में भी श्रीकांत ने 4-1 से बढ़त बनाते हुए एक बार फिर शुरुआत में आगे रहे। लेकिन फिर लिन ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर 9-5 की बढ़त बना ली और 21-9 से गेम जीतने और मैच को निर्णायक गेम में ले जाने के लिए आक्रमक खेल जारी रखा। अंतिम गेम में लिन ने अच्छी शुरुआत की और 6-2 से आगे हो गए लेकिन श्रीकांत ने वापसी का प्रयास किया। दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। हालांकि, 16-16 के स्कोर के बाद लिन ने लगातार तीन अंक जीते और 19-16 के स्कोर पर पहुंचा दिया। लिन ने अपने दूसरे मैच प्वाइंट को जीतते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

लिन चुन यी का मुकाबला रविवार को फाइनल में चाउ टीएन चेन से होगा।

उल्लेखनीय है कि श्रीकांत स्विस ओपन में अपना अभियान जारी रखने वाले आखिरी भारतीय शटलर थे। प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज क्वार्टरफाइनल में जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को भी क्वार्टरफाइनल में हार कर बाहर हो गई थी।


जयन्त

संस्थापक

नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और

सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338